* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
25 सितंबर, 2024
अश्विन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 335
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

जल्द सीजफायर का रास्ता निकले : पीएम मोदी



# झारखंड भाजपा की परिवर्तन यात्रा सभाओं से मची हलचल

## गोड्डा, धनबाद और बोकारो में शिवराज सिंह चौहान और बरही-तोरपा में बाबूलाल मरांडी ने किया सभाओं को संबोधित

रांची (आजाद सिपाही संवाददाता)। झारखंड भाजपा द्वारा शुरू की गयी परिवर्तन यात्रा और सभाओं ने हलचल पैदा कर दी है। 21 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा साहिबगंज के भोगनाडीह से शुरू की गयी यह यात्रा राज्य के प्रमंडलीय मुख्यालयों से निकल पड़ी है। यात्रा के दौरान जगह-जगह सभाएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें भाजपा के केंद्रीय और प्रदेश स्तरीय नेता शामिल हो रहे हैं। मंगलवार को गोड्डा और बोकारो में केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने परिवर्तन सभा को संबोधित किया, जबकि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने तोरपा और बरही में सभाओं को संबोधित किया। इन सभाओं में झारखंड की झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के खिलाफ वोट कर सत्ता परिवर्तन का आह्वान किया गया।

# झारखंड में माटी, बेटी और रोटी की रक्षा भाजपा सरकार करेगी: शिवराज

- हेमंत सरकार ने युवाओं को वर्दी की जगह कफन दिया
- जेएमएम का मतलब जुर्म, मर्डर और माफिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा/धनबाद/बोकारो।** केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड की वर्तमान गठबंधन सरकार को बेइमान करार दिया है। गोड्डा के अलावा धनबाद और बोकारो में परिवर्तन सभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी ने पांच साल में झारखंड को तबाह कर दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में न माटी सुरक्षित है और न बेटी या रोटी। बड़ी संख्या में घुसपैठियों के आने से झारखंड की जमीन पर कब्जा हो रहा है। हेमंत सरकार वोटों की लालच में घुसपैठियों का आधार कार्ड बनवा रही है और वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवा रही है। यही हेमंत सरकार का असली सच है। उन्होंने कहा कि पहले झारखंड में 44 फीसदी आदिवासी थे, अब केवल 28 फीसदी बचे हैं। भाजपा का संकल्प है कि झारखंड की माटी, बेटी और रोटी की सुरक्षा की जायेगी। उन्होंने सरकार की विफलता पर सवाल उठाया और कहा कि हेमंत सोरेन ने पांच लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया था, लेकिन किसी को नौकरी नहीं मिली। इस सरकार ने युवाओं को वर्दी की जगह कफन दिया है। परीक्षा के नाम पर इंटरनेट बंद कर पेपर लीक नहीं होने देने का दावा किया, जबकि लीक तो सरकार के दलाल कर रहे थे। भाजपा की सरकार बनते ही खाली पदों को भरने का आदेश दिया जायेगा। कैलेंडर बनायेंगे और पहले महीने की 21 तारीख को यहां के युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे।

शिवराज ने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही हेमंत सोरेन को मंईयां सम्मान योजना याद आयी। उन्होंने दो हजार रुपये चूल्हा खर्च देने का वादा किया था, लेकिन चार साल 10 महीने बाद भी किसी को कुछ नहीं मिला। भाजपा की सरकार बनने पर बहनों के खाते में दोगुना पैसा जायेगा और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जायेगा। उन्होंने जेएमएम का मतलब जुर्म, मर्डर और माफिया बताया। उन्होंने कहा कि यह लूट की सरकार है। यहां इनके नेताओं के घर से करोड़ों रुपये बरामद हो रहे हैं। यह पैसा जनता की मेहनत की कमाई का है। अगर इसे बचाना है, तो हेमंत सरकार को हटाना होगा।

# झारखंड में रोटी, बेटी और माटी पर संकट: बाबूलाल

- घुसपैठियों ने सबसे ज्यादा तबाह किया है आदिवासियों को
- नौजवानों का पांच साल बर्बाद, नौकरी के नाम पर मिली मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**तोरपा/ बरही।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को तोरपा और बरही में परिवर्तन यात्रा के दौरान झारखंड की जनता से परिवर्तन की अपील की। उन्होंने वर्तमान सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी मिल कर सरकार चला रही है, लेकिन पिछले पांच वर्षों में उन्हें जो काम करना चाहिए था, वह नहीं किया। इसके बजाय ये लोग केवल अपने लिए कमाई करने में लगे रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये की रकम बरामद हुई है और एक मंत्री के सचिव के नौकर के घर से 35 करोड़ रुपये मिले हैं। यह पैसा झारखंड की जनता का लूटा हुआ धन है। पूरे पांच साल तक इस सरकार ने झारखंड के लोगों को लूटा है। श्री मरांडी ने कहा कि एक समय झारखंड के लोग राशन और केरोसिन तेल पाने के लिए संघर्ष करते थे। लेकिन जब भाजपा और नरेंद्र मोदी की सरकार बनी, तब देश के साथ-साथ झारखंड में भी बिजली पहुंचायी गयी। उन्होंने कहा कि जब राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी, तो रांची और देश की राजधानी की तरह झारखंड के गांव-गांव में बिजली और सभी सुविधाएं प्रदान की जायेंगी। उन्होंने कहा कि जब झारखंड बना था, तब बालू मुफ्त मिलता था, लेकिन अब बालू भी लूटा जा रहा है। हेमंत सोरेन जल, जंगल, जमीन की बात करते हैं, लेकिन इस सरकार ने सेना की जमीन को भी नहीं छोड़ा। इस सरकार ने केवल पांच सालों तक लूट की है। आज झारखंड में रोटी, बेटी और माटी पर संकट है। हमें इसे बचाना है, इसलिए हमें परिवर्तन लाना है।

**ये रहे उपस्थित :** मौके पर संयोजक सह प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित कई नेता उपस्थित थे।




### घुसपैठियों को बाहर करेंगे

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लाखों की संख्या में घुसपैठिये झारखंड में आ चुके हैं। पिछले पांच वर्षों में इनकी संख्या सबसे ज्यादा बढ़ी है, जिससे झारखंड के आदिवासियों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। भाजपा की सरकार बनते ही हम घुसपैठियों को ढूंढ़ कर बाहर करेंगे। उन्होंने हेमंत सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने गरीबों को साल में 72 हजार रुपये देने का वादा किया था। बहनों के लिए चूल्हा खर्च में 2000 रुपये देने का वादा किया और सरकार बनायी। लड़कियों की शादी के लिए सोने के सिक्के देने का वादा किया, लेकिन आज न सोना मिला और न ही चांदी का सिक्का।

### जॉब तो दिया नहीं, मौत दे दी

श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड के नौजवानों का पांच साल बर्बाद हुआ है। इसका जवाब कौन देगा? हेमंत सोरेन ने कसम खायी थी कि पांच लाख युवाओं को नौकरी देंगे, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। जॉब के नाम पर पुलिस भर्ती में युवकों को दौड़ाया गया, जिससे उनकी मौत हो गयी। युवाओं को जॉब नहीं मिली, बल्कि मौत मिली।

# भाजपा लायेगी मंईयां योजना से भी बेहतर 'गो-गो दीदी योजना': हिमंता बिस्वा सरमा

- आजसू और जेडीयू से हमारी बात हो चुकी है
- क्या सिर्फ हेमंत सोरेन का परिवार ही आदिवासी है
- चुनाव कितने चरण में हो, यह फैसला चुनाव आयोग करेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि हेमंत सोरेन को झारखंड की माताओं-बहनों से यदि इतनी ही सहानुभूति है, तो मंईयां योजना की पांच साल की राशि 60 हजार क्यों नहीं देते हैं। वह बुधवार को रांची हवाई अड्डे पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आवेदन फॉर्म में साल में 12 हजार लिखा हुआ है, तो फिर सरकार एक साल की राशि एक ही साथ 12 हजार रुपये क्यों नहीं देती है। हेमंत सोरेन की यह योजना सिर्फ चुनावी है। वह वोट लेने के लिए महिलाओं को एक-एक हजार रुपये दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन द्वारा यह कहा जाना कि यदि झारखंड का बकाया 1.36 लाख करोड़ मिल जाता, तो वह महिलाओं को और अधिक देते, बेतुका है। माताओं-बहनों को मदद करने में शर्त क्यों लगा रहे हैं। भाजपा बिना किसी शर्त के 'गो-गो दीदी योजना' लायेगी। उन्होंने सवाल किया कि क्या बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, चंपाई सोरेन, नीलकंठ सिंह मुंडा आदिवासी-मूलवासी नहीं हैं। क्या सिर्फ हेमंत सोरेन का परिवार ही आदिवासी है। एक सवाल के जबाब में हिमंता ने बताया कि आजसू और जनता दल यूनाइटेड से हमारी बात हो चुकी है। ये दोनों ही दल हमारे साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव कितने चरण में हो, इससे भाजपा को कोई मतलब नहीं है। यह फैसला सरकार और चुनाव आयोग को करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा तीन चरणों में अपना घोषणा पत्र जारी करेगी।

# भाजपा के लोग गिद्ध की तरह मंडराने लगे हैं: हेमंत

- भाजपा की नजर झारखंड की खनिज संपदाओं पर कब्जा करना है
- केंद्र अगर बकाया का ब्याज ही दे दे, तो मंईयां सम्मान की राशि दोगुनी कर दूंगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में चतरा पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह सरकार गरीबों की सरकार है। भाजपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव आते ही इनके पीएम, सीएम, गृह मंत्री, राज्यमंत्री सत्ता हथियाने के लिए गिद्धों की तरह मंडरा रहे हैं। लोगों को इनसे सावधान रहने की जरूरत है। ये नफरत फैलाने वाले लोग हैं। लोगों को हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई और जाति-धर्म में बांट कर सत्ता पर कब्जा जमाना चाहते हैं। झारखंड की खनिज संपदाओं को लूटने के उद्देश्य से भाजपा के लोग किसी भी तरीके से सत्ता हासिल करना चाहते हैं।

**चंदा लेने के चक्कर में भाजपा ने गलत वैक्सीन दे दी :** उन्होंने कहा कि अभी हाल में हमारी सरकार ने सिपाही पद पर बहाली के लिए दौड़ करायी थी, जिसमें दर्जन भर युवकों ने दौड़ने के क्रम में दम तोड़ दिया। यह सब कोरोना में ली गयी वैक्सीन का असर है। भाजपा के लोगों ने दवाई कंपनियों से करोड़ों रुपये का चंदा लेकर देश के लोगों को फर्जी वैक्सीन लगवायी है। फर्जी वैक्सीन लगने के कारण लोग चलते-चलते मर जा रहे हैं। वैक्सीन का ही असर है कि झारखंड जैसे छोटे राज्य में हजारों की संख्या में लोग कैंसर रोग के शिकार हो रहे हैं। देश के लोग बीजेपी वालों को कभी माफ नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में झारखंड इकलौती सरकार है, जहां सर्वजन पेंशन योजना के तहत 50 वर्ष की आयु के ऊपर के सभी लोगों को पेंशन मिल रही है। मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 वर्ष के ऊपर की सभी माताओं-बहनों को प्रत्येक महीना एक हजार रुपये सम्मान के रूप में दिया जा रहा है। बच्चों को पढ़ाई के लिए सरकार गुरुजी क्रेडिट कार्ड के तहत 15 लाख तक दे रही है। केंद्र सरकार के पास झारखंड सरकार का एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाया है। यदि केंद्र सरकार उक्त रुपये का सिर्फ ब्याज दे दे, तो उनकी सरकार मंईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार से बढ़ा कर दो हजार कर देंगी।

उन्होंने कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में राज्य के प्रत्येक घर में एक-एक लाख रुपया पहुंचाने के उद्देश्य के साथ काम कर रही है।



### प्रत्येक घर में एवरेज पांच हजार रुपये दे रही है सरकार

हेमंत ने कहा कि वर्तमान में भी उनकी सरकार एवरेज प्रत्येक घर में 60000 दे रही है। मंईयां सम्मान योजना शुरू होने के बाद यदि घर में तीन महिलाएं और दो वृद्ध हैं, तो हर महीने 5000 रुपये उनके घरों में जा रहा है। इसे जोड़ते हैं तो साल का 60000 हो जाता है। उन्होंने झारखंड में लोगों के दर्द को समझते हुए 200 यूनिट बिजली फ्री कर दी, जबकि बिजली का बकाया बिल भी माफ कर दिया। यदि कोई बिचौलिया-दलाल बिजली बिल के नाम पर ठगने आता है, तो उसे झाड़ू से मार कर भगायें। हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार की योजना गांव तक पहुंच रही है या नहीं उसे देखने के लिए वह गांव-गांव घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बनने के बाद दो साल कोरोना में चला गया। बीजेपी वालों ने कोरोना में ऐसा तुगलकी फरमान सुनाया कि झारखंड के गरीब मजदूर प्रदेशों में फंस गये। उनकी सरकार ने हवाई चप्पल पहनने वाले मजदूरों को हवाई जहाज से वापस झारखंड लाया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने राज्य में सबसे ज्यादा शासन किया है और झारखंड को सिर्फ लूटने का काम किया। भाजपा का 20 साल और उनके चार साल के कामों का आकलन करना आम लोगों की जिम्मेवारी है।

# हिट है मंईयां योजना, विपक्ष की पिक्चर फ्लॉप : कल्पना सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गांडेय विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा है कि जब झारखंड की दीदियों-बहनों ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को हिट कर दिया है, तो हमारे विपक्ष को वैसे ही जवाब मिल गया है कि उनकी पिक्चर फ्लॉप है। वह मंगलवार को गढ़वा, हैदरनगर और हुसैनाबाद में मंईयां सम्मान यात्रा के दौरान सभाओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने मंच से महिलाओं से पूछा कि आप इस योजना से खुश हैं या नहीं। महिलाओं का जवाब सुनने के बाद उन्होंने कहा कि झारखंड में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना हिट है। दीदियों-बहनों को महीने का हजार रुपया, साल का 12 हजार रुपया देने के लिए मुख्यमंत्री जी को बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं। महिलाओं को किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना होगा। यह क्रांतिकारी सोच है। झारखंड बने इतने साल हो गये, लेकिन किसी ने इस तरह की योजना के बारे में सोचा नहीं था। घर कैसे चलाना है, यह महिलाओं के अलावा कोई नहीं जानता है। आपको आर्थिक रूप से मजबूत करने का यह प्रयास है, ताकि आपको छोटी-छोटी जरूरत के लिए किसी के सामने झुकने की जरूरत ना हो।

**मजदूरों के बारे में केंद्र नहीं सुनता कोई बात :** कल्पना सोरेन ने कहा कि 2019 में कोरोना के दौरान तो हमारा जीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। हमारे मजदूर भाई बाहर में फंसे हुए थे। उन्हें किसी ने बस से, ट्रेन से और हवाई जहाज से वापस मंगाया, तो वह हेमंत सोरेन हैं। गरीब-गुरबा की आवाज बन कर झारखंड मुक्ति मोर्चा आगे बढ़ा है। झारखंड में आप देख रहे हैं कि बहुत सारे नेता केंद्र से आ रहे हैं। उनमें मजदूर भाइयों के लिए बात करने वाला कोई नहीं है। मजदूर भाइयों की रैंकिंग सबसे नीचे आती है। मजदूरों के साथ हमेशा भेदभाव किया गया है। मनरेगा के मजदूरों, खासकर महिलाओं से उनकी शारीरिक शक्ति के हिसाब से काम नहीं लिया जाता था। हेमंत जी केंद्र से हमेशा यही मांगते थे कि मनरेगा का जितना पैसा है, हम लोगों को दिया जाये, लेकिन केंद्र के कान पर जूं भी नहीं रेंगती है। जब गरीब, शोषित, वंचित की बात आती है, तो ये लोग सुनते नहीं हैं। उसके बाद हेमंत जी ने हमारे राज्य के मनरेगा मजदूरों के लिए पैसा बढ़ाया। हेमंत सोरेन जी हर वर्ग को साथ में लेकर चलते हैं। कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड में रोज अलग-अलग नेता केंद्र से आ रहे हैं। अलग-अलग राज्य से मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री आ रहे हैं। मेरा सवाल आपसे बस यह है कि जो व्यक्ति दिन रात आपके बारे में सोचता है, उसके साथ आप हैं या नहीं। **पेज सात और दस भी देखें**




### मंईयां सम्मान योजना को रोकने की साजिश



कल्पना सोरेन ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना हमने जब शुरू की, तो इनके लोगों ने पीआइएल कर दी। मैं पूछना चाहती हूं कि जब झारखंड में ऐसी योजना चलती है, तो पीआइएल क्यों दाखिल हो जाता है। यही योजना जब भाजपा शासित राज्यों में लागू होती है, तो संवैधानिक हो जाती है। मगर उनके इस इरादे को हम पूरा नहीं होने देंगे। किसी भी हाल में मंईयां सम्मान योजना बंद नहीं होगी। यह हजार रुपये की बात नहीं है। पांच महीना हेमंत सोरेन जी का कौन लाकर देगा। जनता को इस बार जवाब देना है। बहुत लोग आपको बरगलाने के लिए आयेंगे। कहेंगे कि यह योजना केंद्र की तरफ से चल रही है, लेकिन आपको दिग्भ्रमित नहीं होना है। झारखंड के खनिज पर केंद्र की नजर रहती है। हेमंत जी ने 1.36 लाख करोड़ केंद्र से मांगा है, लेकिन अभी तक पैसा नहीं मिला है। अगर यह पैसा मिल जाता, तो हमारे झारखंड का विकास कई गुणा तेजी से होता।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 92,000 रु./प्रति किलो |



# साहिबगंज में कमजोर दिलवालों के लिए कोई जगह नहीं

- राजनीति और दलालों के मकड़जाल में फंसा शहर
- आज सिसक रहा है संभावनाओं से भरा यह जिला
- एक समय औद्योगिक नगरी के नाम से प्रसिद्ध, आज पत्थर की रॉयल्टी से ग्रसित
- घुसपैठिये, डेमोग्राफिक परिवर्तन और माफिया की बात तो सभी करते हैं, लेकिन दबी जुबान से
- भाजपाई कहते हैं: मोदी नहीं होते, तो ताला लगा कर रहना पड़ता
- गंगा नगरी से विभूषित यह शहर, फायदा नहीं उठा पा रहा झारखंड

आजाद सिपाही विशेष

साहिबगंज के लोग बहुत ही मिलनसार हैं। जो दिल में है, वही जुबान पर है। वसुधैव-कुटुंबकम की प्रथा आज भी यहां के लोगों में वास करती है। यहां के लोग आपकी खातिरदारी पूरे दिल से करते हैं। गरम-गरम दाल की कचौरी, आलू-चने की सब्जी के साथ मिट्टी के बर्तन में रबड़ी और रसगुल्ले परोसने वाले यहां के लोग सादगी से भरे पड़े हैं। आप थोड़ा पूछियेगा, वे ज्यादा बताते हैं। अपने शहर के हर पहलू से आपको अवगत करा देते हैं। सबको पता है कि उनका शहर राजनीति का शिकार हो गया। माफियाओं के चक्कर में जकड़ गया। मफियाओं की हिम्मत इतनी बढ़ी हुई है कि किसी की भी जमीन पर एक बार दृष्टि पड़ जाये, तो उसे हथियाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते। कमजोर दिलवालों के लिए साहिबगंज में कोई जगह नहीं है। यहां वही रह सकता है, जो अपने अस्तित्व की लड़ाई खुद लड़ सकता है। यह वीर सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो की धरती है, जिन्होंने संथाल हूल क्रांति का आगाज किया था। साहूकारों, महाजनों और अंग्रेजी शासन के खिलाफ संघर्ष का एलान किया था। इन्होंने अपने और अपने समाज के अस्तित्व की लड़ाई खुद लड़ी थी। दामिन-ए-कोह आज सरकारी कृपादृष्टि के लिए तरस रहा है। यह झारखंड का अंतिम छोर है, शायद इसीलिए इसे अपने हाल पर छोड़ दिया गया है। जिस शहर को मां गंगा का आशीर्वाद मिला हो, उसकी उपेक्षा कहीं से भी सही नहीं है। एक वक्त साहिबगंज में पटसन उद्योग और सरसों तेल की बड़ी-बड़ी फैक्टरियां हुआ करती थीं। गंगा में बड़े-बड़े जहाज चला करते थे। लेकिन साहिबगंज धीरे-धीरे राजनीति का शिकार होता चला गया। राजनीति से प्रेरित एक पुल के निर्माण ने साहिबगंज के वैभव पर ग्रहण लगा दिया। जो पुल साहिबगंज में बनना था, वह फरक्का चला गया। कैसे साहिबगंज जिला राजनीति, माफिया राज, बांग्लादेशी घुसपैठ और धर्मांतरण से ग्रसित है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


## खरी-खरी
## जैसा देखा-सुना


राकेश सिंह

सुबह के छह बजे थे। चाय पीने का मन किया। दिन और रात भर की उमस के बाद सुबह का मौसम बड़ा ही सुहावना लग रहा था। मैंने चायवाले को चाय बनाने को कहा। कुछ लोग पहले से वहां चाय पी रहे थे। चाय बनने लगी। मैं भी स्टूल पर बैठ गया। मेरे साथ आजादी सिपाही के संवाददाता सुनील सिंह भी थे। मैंने एक राजनीतिक विषय छेड़ दिया, क्योंकि सुबह-सुबह चाय की टपरी पर अखबार पढ़ते लोग ही आपको हर तरह की जानकारी दे सकते हैं। मैंने कहा कि शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह आये थे। ठीक-ठाक भीड़ हुई। उनका कहना था कि साहिबगंज के राजनीतिक कार्यक्रम में वैसे ज्यादा भीड़ नहीं हुआ करती, लेकिन अमित शाह वाली सभा में अच्छी भीड़ दिखी। फिर मैंने पूछा कि यहां राजनीतिक लड़ाई किनके-किनके बीच में है। जवाब आया कि अनंत ओझा, जो भाजपा से विधायक हैं और एमटी राजा, जो पिछली बार आजसू पार्टी से लड़े थे। मैंने पूछा कि विधायक अनंत ओझा ने कैसा काम किया है। उनका कहना था कि उन्होंने काम तो किया है, लेकिन बहुत ऐसे विषय हैं, जिनमें काम होना जरूरी है। विधायक वैसे बहुत मुखर हैं, प्रयास भी बहुत करते हैं। कुछ का कहना था कि सरकार बदल जाने के कारण बहुत से ऐसे काम हैं, जो लटके पड़े हैं। पश्चिमी और पूर्वी रेलवे फाटक पर लग रहे जाम को लेकर चर्चा हुई। खासमहाल के मुद्दे को लेकर भी लोगों ने चर्चा की। एमटी राजा के बारे में लोगों का कहना था कि वह भी मजबूत दावेदार हैं। टक्कर में हैं। पढ़ाई-लिखाई, स्वास्थ व्यवस्था के बारे में भी बातचीत हुई। बातचीत तो साहिबगंज से शुरू होकर यूपी, बिहार, बंगाल तक छिड़ गयी। इतने में मेरी चाय आ गयी। चाय बहुत गरम थी। मुंह भी जल गया। थोड़ी बहुत उंगली पर भी गिर गयी।

### 'घुसपैठिये हैं सर, बस एक बार इन गांवों में घुस कर के तो देखिये'

खैर, मेरे मन में एक सवाल आया कि यहां के लोग हर मुद्दों पर बेबाकी से बोल रहे हैं, लेकिन अभी तक यहां का जो सबसे बड़ा मुद्दा है, उस पर कोई बात नहीं कर रहा। मैंने पूछ ही लिया कि क्या यहां बांग्लादेशी घुसपैठिये भी हैं। उसके बाद लोग एक-दूसरे का चेहरा देखने लगे। चंद सेकंड की शांति के बाद एक व्यक्ति ने कहा कि जी भाई जी, यहां घुसपैठिये भरे पड़े हैं। मैंने पूछा कहां ? उसने कहा कि एक बार आप जरा मनसिंघा, श्रीधर, जामनगर, अमानत जाकर देखिये। राजमहल के फुलवरिया मोड़ से लेकर कई गांव होते हुए उधवा क्षेत्र में जाकर देखिये। सब पता चल जायेगा कि खेला क्या है। यहां तो सबको पता है। लेकिन कोई कुछ करता कहां है। इन लोगों को कौन बसाया है, यह भी सबको पता है। सब वोट की राजनीति है सर। कांग्रेस के बड़े नेता हैं नाम नहीं लूंगा, लेकिन उनकी भी महत्वपूर्ण भूमिका है। आप समझ सकते हैं। वही हाल पियारपुर, राधानगर, बरहड़वा का भी है। पाकुड़, लिट्टीपाड़ा का तो सबको पता है। लेकिन कोई बोलता नहीं है। दुमका और गोड्डा क्षेत्र में भी ये बहुतायत में हैं। एक व्यक्ति ने कहा कि सर आप कई इलाकों में तो शाम सात बजे के बाद जा ही नहीं सकते। सब अपने रूप में दिख जायेंगे। उनकी बोलचाल भी बांग्लादेशी वाली ही है। फोटोग्राफी, मोबाइल से फोटो कुछ नहीं ले सकते।




### 'आरोप: मिलीभगत से आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर कार्ड बन रहा'

मैंने पूछा कि कुछ लोग बता रहे थे कि उनका आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर कार्ड तक आसानी से बन जा रहा है। उस व्यक्ति का कहना था कि सर बिल्कुल सही बोल रहे हैं आप। आपको जानकर हैरानी होगी कि सरकारी डाक्यूमेंट्स के मामले में यहां वर्गों में भी फर्क किया जा रहा है। एक वर्ग है, जिसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर कार्ड के लिए दौड़ाया जाता है और वहीं विशेष धर्म वालों के लिए आसानी से सारे डाक्यूमेंट्स बना दिये जा रहे हैं। यहां के कुछ पार्षद भी भेदभाव करते हैं। उसके दरवाजे पर अगर कोई सामान्य व्यक्ति राशन कार्ड या अन्य योजनाओं के लिए डॉक्यूमेंट्स बनवाने पहुंच जाये, तो डांट कर कहते हैं कि क्या सुबह-सुबह आ गया, बाद में आना। लेकिन वहीं कोई धर्म विशेष का व्यक्ति उनके यहां पहुंच जाता है, तो तुरंत उसका सभी काम करवा देते हैं। यह सब वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित है सर। बातचीत में लोग कहते हैं, बांग्लादेशी घुसपैठियों ने इन इलाकों में पहले से रहने वाले लोगों से रिश्ता-नाता जोड़ लिया है और राजस्व कर्मचारियों से मिलीभगत कर के राशन कार्ड, वोटर कार्ड और आधार कार्ड बनवा लिया है।

### 'सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं घुसपैठिये'

मेरी चाय खत्म हुई और मैं आगे बढ़ा। दिन भर मैं साहिबगंज के लोगों से मिलता ही रहा। बहुत सारी जानकारियां इकट्ठी भी हुईं। मैं साहिबगंज के इतिहास और मौजूदा हाल के बारे में जानकर दंग रह गया। एक सज्जन से मुलाकात हुई। नाम नहीं छापने की शर्त पर उनका कहना था कि यहां बैंक मित्र भी विशेष धर्म वाले लोग ज्यादा संख्या में हैं और वे अपने ही लोगों का ज्यादा सहयोग करते हैं। लेकिन दिक्कत यह है कि इसमें कई बांग्लादेशी घुसपैठिये भी हैं। हर सरकारी योजना का लाभ वे आसानी से उठा रहे हैं। यहां एक बात उन्होंने बतायी कि इस क्षेत्र में धर्मांतरण का खेल जोर-शोर से चल रहा है। आदिवासी क्रिश्चियन में कन्वर्ट तो हो ही रहे थे, अब भारी संख्या में मुस्लिम धर्म में कन्वर्ट हो रहे हैं। अचानक से गांवों में आप पायेंगे कि उनके घरों के सामने जो गेट लगे हैं, उसमें मुस्लिम धर्म के चिह्न मिल जायेंगे। यह एक नया पैटर्न बन गया है। इसके पीछे सोच यही है कि एक बार क्रिश्चियन भाजपा को वोट देने के बारे में सोच सकता है, लेकिन मुसलमान भाजपा को वोट नहीं करेगा।

### 'कुछ का कहना है: सर मोदी नहीं होते तो घर और दुकान में ताला लगाना पड़ता'

बांग्लादेशी घुसपैठिये और माफियाओं को लेकर एक बुजुर्ग व्यक्ति का कहना था कि अगर केंद्र में मोदी सरकार नहीं होती, तो घर और दुकान में ताला लगा कर बैठना पड़ता। स्थिति इतनी भयावह है। उस व्यक्ति का कहना था कि बांग्लादेशी घुसपैठिये संथाल परगना की तीन लोकसभा क्षेत्रों का चुनाव परिणाम प्रभावित करने की स्थिति में आ चुके हैं। इनकी संख्या इतनी बढ़ चुकी है कि अगर केंद्र सरकार एनआरसी नहीं लागू करेगी, तो आने वाले 15-20 सालों में हमें यहां से भागना पड़ेगा। मुझे अपने बच्चों को लेकर बहुत चिंता होती है। यहां पर जिस हिसाब से डेमोग्राफी में बदलाव हो चुका है, इसका अंदाजा भी आप नहीं लगा सकते। प्रशासन की भी बात अब ये लोग मानते नहीं हैं। प्रशासन भी इनके सामने नतमस्तक है। माफियाओं का जलवा इतना है कि यहां गंगा पुल के आसपास किनकी जमीन है, आप बस पता लगवा लीजिए। इन लोगों ने पहाड़ के पहाड़ साफ कर दिये। हरे-भरे पहाड़ों को टकला कर दिया। यहां स्टोन माइनिंग में इन लोगों का वर्चस्व है। सबको रॉयल्टी चाहिए। ये लोग मौजूदा सरकार में भी बहुत प्रभाव रखते हैं। एक व्यक्ति तो फरार है, दूसरा तो खुद को मालिक ही समझता था। मैंने पूछा कौन, दाहू यादव और दूसरा पंकज मिश्रा। उनका कहना था, वही समझ लीजिए।

### वोटरलिस्ट से नाम गायब, भाजपा के लिए परेशानी

वहीं साहिबगंज के लोगों से जब राजनीति पर चर्चा हुई, तो उनका कहना था कि यहां फाइट हिंदू और मुस्लिम वोटर्स में ही है। एक धड़ा मौजूदा विधायक अनंत ओझा को सपोर्ट करता है, तो दूसरा एमटी राजा को। एमटी राजा 2019 के विधानसभा चुनाव में आजसू के टिकट से लड़ चुके हैं। उन्हें कुल 76532 वोट मिले थे, वहीं अनंत ओझा को 88904 वोट मिले थे।

राजनीति के जानकारों का कहना है कि यहां बनिया और यादव मतदाता निर्णायक होते हैं। यादव वोट बिखरता रहता है। ऐसा देखा गया है कि वे जेएमएम के साथ जाना ज्यादा पसंद करते हैं। मुसलमान तो जेएमएम के साथ हैं ही। वैसे वर्ष 2014 के विधासभा चुनाव में राजमहल सीट पर भाजपा का बोलबाला रहा। भाजपा के उम्मीदवार अनंत कुमार ओझा ने 77481 (39.71 प्रतिशत) वोट पाकर पहली बार जीत दर्ज की। उन्होंने झामुमो के मोहम्मद ताजुद्दीन को पराजित किया। ताजुद्दीन को कुल 76779 (39.35 फीसदी) वोट मिले थे। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार बजरंगी प्रसाद यादव 18866 पाकर तीसरे स्थान पर रहे। वैसे 2009 में भाजपा प्रत्याशी अरुण मंडल ने झामुमो प्रत्याशी मुहम्मद ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा को हराया था। एमटी राजा फिलहाल झामुमो से टिकट की ताक में हैं। हर वर्ग में घूम रहे हैं। मुसलमानों के साथ-साथ अन्य वर्गों को साधने का भी प्रयास कर रहे हैं। इस बार भी राजमहल का चुनावी परिदृश्य बड़ा ही दिलचस्प होनेवाला है। वहीं अनंत ओझा का कहना है कि इस चुनाव में भाजपा को लव जिहाद, लैंड जिहाद के साथ-साथ वोट जिहाद का भी सामना करना पड़ेगा। वह कहते हैं, हजारों लोगों के नाम वोटर लिस्ट से गायब कर दिये गये हैं, लेकिन वह इससे घबड़ा नहीं रहे हैं।

# झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 सितंबर को

## कई अहम प्रस्तावों पर लग सकती है मुहर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक 27 सितंबर शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। इस बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। विधानसभा चुनाव की घोषणा के पूर्व संभवतः दो-तीन कैबिनेट की ही बैठक होगी। ऐसे में विधानसभा चुनाव को देखते हुए सरकार कई अहम निर्णय ले सकती है।

**सेविका-सहायिकाओं के मानदेय समेत कई महत्वपूर्ण फैसले ले सकती है सरकार :** मालूम हो कि गत सोमवार को राज्य के आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं का विशाल प्रदर्शन रांची के मोरहाबादी मैदान में हुआ था। प्रदर्शकारियों को सरकार की



ओर से वार्ता के लिए बुलाया गया था। इस वार्ता में झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक सुदीव्य कुमार सोनू ने आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं को आश्वासन दिया था कि 27 को कैबिनेट की बैठक के बाद आप लोगों को खुशखबरी मिलेगी। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि सरकार राज्यभर की आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के लिए मानदेय बढ़ाने समेत कई महत्वपूर्ण फैसले ले सकती है।

## विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा पूरी

# विस की 81 सीटों पर 2.59 करोड़ लोग करेंगे वोट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग की 13 सदस्यीय टीम ने झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा पूरी कर ली है। राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और उनकी टीम ने दो दिन तक तैयारियों का जायजा लिया। राजनीतिक दलों की मांगों और आपत्तियों को सुना। फिर सरकार के आला अधिकारियों और चुनाव के दौरान काम करने वाली प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक की, उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिये।

**1.31 करोड़ पुरुष और 1.28 करोड़ महिला मतदाता :** मंगलवार को दो दिन की यात्रा पूरी करने के बाद निर्वाचन आयोग की ओर से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गयी। इसमें बताया गया कि झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में 2.59 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। 20 सितंबर 2024 तक झारखंड में इतने वोटर हैं। इसमें 1.31 करोड़ पुरुष और 1.28 करोड़ महिला मतदाता हैं। 85 साल से अधिक उम्र के 1.14 लाख वोटर हैं, तो 450 ट्रांसजेंडर भी मतदाता सूची में शामिल हैं।20 से 29 साल के 66.48 लाख मतदाता हैं झारखंड में

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में पहली बार मतदान करने वाले, यानी 18 से 19 साल के 11.05 लाख मतदाता हैं। 66.48 लाख मतदाताओं की उम्र 20 से 29 साल के बीच है। झारखंड में 1845 वोटरों की आयु एक सौ साल या उससे अधिक है। पीवीटीजी वोटरों की संख्या 1.78 लाख है। झारखंड में कुल 3.64 लाख दिव्यांग मतदाता हैं, जो इस बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### 20276 जगहों पर बनाये जायेंगे 29562 मतदान केंद्र

चुनाव की तैयारियों के बारे में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मुख्य चुनाव आयुक्त को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड में 20 हजार 276 जगहों पर 29 हजार 562 मतदान केंद्र बनाये जायेंगे। इनमें से 24 हजार 520 मतदान केंद्र ग्रामीण इलाकों में और 5042 मतदान केंद्र शहरी क्षेत्रों में होंगे। एक मतदान केंद्र पर औसतन 872 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

### 1271 मतदान केंद्र का संचालन करेंगी महिलाएं

के रवि कुमार ने चुनाव आयोग को यह भी बताया कि 1271 मतदान केंद्रों का संचालन महिलाएं करेंगी। वहीं 139 बूथ की जिम्मेदारी युवा मतदानकर्मियों को दी गयी है। 48 मतदान केंद्र ऐसे बनाये गये हैं, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से दिव्यांग मतदानकर्मियों को सौंपी गयी है।

### मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेंगी ये सुविधाएं

के रवि कुमार के अनुसार मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, मतदान केंद्र की जानकारी, रैंप और व्हीलचेयर, हेल्पडेस्क, वोटर सहायता केंद्र, पर्याप्त लाइटिंग, शेड जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने एवं मतदाताओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कुछ टेक्नोलॉजी की भी मदद ली जायेगी।

## एसीबी में पदस्थापित 45 पुलिसकर्मी, 101 आरक्षी और हवलदार का तबादला

रांची (आजाद सिपाही)। एसीबी में पदस्थापित 45 पुलिसकर्मी समेत 101 आरक्षी और हवलदार का तबादला हुआ है। डीजीपी के निर्देश पर डीआइजी कार्मिक के द्वारा इससे संबंधित आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के मुताबिक, तबादला किये गये 101 पुलिसकर्मी में से 45 पुलिसकर्मी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) में पदस्थापित थे। इसके अलावा धनबाद, बोकारो, सिमडेगा, गिरिडीह, हजारीबाग, पलामू, रेल धनबाद, रेल जमशेदपुर, सरायकेला, देवघर, चाइबासा, चतरा, गढ़वा, गुमला, लातेहार और लोहरदगा जिले में पदस्थापित आरक्षी और हवलदार का तबादला किया गया है।

## झारखंड हाइकोर्ट ने मुख्य सचिव, पर्यटन सचिव एवं देवघर डीसी को जारी किया अवमानना नोटिस

रांची (आजाद सिपाही)। हाइकोर्ट में देवघर में बाबा मंदिर के निकट क्यू कॉम्प्लेक्स के फेज दो का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की अवमानना याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में हाइकोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा दायर किये गये शोकाज को रद्द कर दिया। राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि सीएसआर फंड से देवघर में क्यू कॉम्प्लेक्स के फेज दो का निर्माण नहीं कराया जा सकता है, जिस पर हाइकोर्ट की खंडपीठ ने राज्य के मुख्य सचिव, पर्यटन सचिव और देवघर डीसी को अवमानना नोटिस जारी करते हुए पूछा है कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन 10 माह बाद भी क्यों नहीं किया गया। उनके खिलाफ क्यों नहीं अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाये? हाइकोर्ट की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर निर्धारित की है। हाइकोर्ट की खंडपीठ ने दिसंबर 2023 में निशिकांत दुबे की ओर जनहित याचिका को स्वीकृत करते हुए देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के क्यू कॉम्पलेक्स का निर्माण जल्द करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि नवयुग कंपनी लिमिटेड के द्वारा सीएसआर के तहत देवघर में क्यू कॉम्प्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने का जो आग्रह किया गया था, उसे राज्य सरकार स्वीकार करे। हाइकोर्ट के आदेश का पालन नहीं होने पर निशिकांत दुबे की ओर से हाइकोर्ट में और अवमानना याचिका दाखिल की गयी। नवयुग कंपनी लिमिटेड के द्वारा सीएसआर के तहत देवघर में क्यू कॉम्प्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने का आग्रह राज्य सरकार से किया गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# सीएम का निर्देश, अक्टूबर के पहले सप्ताह में चालू करें ट्रांसपोर्ट नगर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के पहले और बहु प्रतिक्षित ट्रांसपोर्ट नगर का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नवरात्र यानी अक्तूबर के प्रथम सप्ताह में तैयार कर उद्घाटन कराने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के इस निर्देश के आलोक में नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने मंगलवार को ट्रांसपोर्ट नगर की साइट का निरीक्षण किया।

उन्होंने जुडको के अधिकारियों और एजेंसी केएमवी के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री की इच्छा है कि हर हाल में ट्रांसपोर्ट नगर नवरात्र के प्रथम सप्ताह में आम जनता और ट्रांसपोर्टरों को समर्पित कर दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर के रखरखाव और संचालन की नीति व प्रक्रिया जल्द से जल्द तैयार कर ली जाए, ताकि उद्घाटन के साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर में भारी, मध्यम और छोटे ट्रक लगने शुरू हो जाएं।



### डोरमेट्री और फूड कोर्ट भी

कांके प्रखंड के सुकरहुटू में रिंग रोड के पास 112 करोड़ रुपये की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण हो रहा है। प्रथम फेज में बड़े छोटे कुल 424 वाहनों के खड़ा करने का प्रावधान रहेगा। निमार्णाधीन लेबल एक प्लेटफार्म पर 93 एक्स्ट्रा लार्ज (22 मीटर लम्बा), 11 लार्ज टेलर (18 मीटर) और 27 स्माल (16 मीटर) वाहनों के खड़ा करने का प्रावधान रहेगा। इसी तरह लेबल दो प्लेटफार्म पर 179 लार्ज और 50 स्माल वाहन खड़ा किये जायेंगे। लेबल तीन के प्लेटफार्म पर सिर्फ 64 स्माल वाहन खड़ा होंगे।

### वेयर हाउस बनकर तैयार

बाहर से आने वाले वाहनों के माल को रखने के लिए दो लेबल के वेयर हाउस भी बन चुके है। लेबल एक वेयर हाउस 6176 वर्ग मीटर तथा वेयर हाउस दो 3900 वर्ग मीटर का बन गया है। बाहर से आने वाले वाहनों के माल इसी वेयर हाउस में खाली कर ट्रक चालक मुक्त हो जायेंगे। इसके बाद ट्रांसपोर्टर छोटे वाहनों से इसे जगह तक पहुंचाएंगे। इससे शहर में बड़े वाहन नहीं घुसेंगे और जाम नहीं लगेगा। प्रदूषण से भी मुक्ति मिलेगी। वाहनों को नो इंट्री की झंझट भी नहीं झेलनी पड़ेगी क्योकि रिंग रोड नो इंट्री से मुक्त है।

**2022 में रखी गई थी आधारशिला :** राजधानी वासियों को बहुप्रतीक्षित ट्रांसपोर्ट नगर का भी तोहफा मिल जाएगा। नगर विकास विभाग के निर्देश पर जुडको द्वारा एजेंसी केएमवी से तेजी से कार्य कराया जा रहा है। मई 2022 में ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण की आधारशिला रखी गई थी। अक्तूबर 2024 में इसका काम पूरा हो जायेगा। यह राज्य का पहला ट्रांसपोर्ट नगर होगा। अब तक एकीकृत भवन और दो वेयर हाउस का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। तीन तलों में छोटे से लेकर बड़े वाहनों के खड़ा करने के तीन लेबल का प्लेटफार्म बनाने का काम पूरा हो गया है। खास बात यह है कि पत्थर का गेवियन वाल बन रहा है, वह पूरी तरह से इको फ्रेंडली है। इसकी जोडाई में कही भी सीमेंट का इस्तेमाल नहीं किया गया है।

### जी प्लस 3 एक्रीकृत भवन में तमाम सुविधाएं

जी प्लस 3 एकीकृत भवन में ट्रांसपोर्टरों एवं अन्य के लिए 16 आफिस का प्रावधान किया गया है। ड्राइवर और खलासी के आराम करने के लिए 180 बेड की डोरमेट्री और 150 लोगों के बैठने के लिए फूड कोर्ट भी रहेगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, दो वे ब्रिज, सर्विस स्टेशन, प्रवेश द्वार, सीसीटीवी, वाई फाई, लैंड स्केपिंग और मनोरंजन के लिए स्थान उपलब्ध रहेगा।

# ऑल इंडिया सब जूनियर अंडर 13 बैडमिंटन रैंकिंग चैंपियनशिप 26 से

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खेलगांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में 26 सितंबर से 1 अक्टूबर तक ऑल इंडिया सब जूनियर अंडर 13 बैडमिंटन रैंकिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को रांची बैडमिंटन संघ ने प्रेसवार्ता कर प्रतियोगिता की जानकारी दी। झारखंड बैडमिंटन संघ के प्रभाकर राव, रांची जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष आरके मल्लिक, सचिव एनके डे ने कहा कि इस प्रतियोगिता में देशभर के लगभग चार सौ बालक व बालिका भाग लेंगे।

26 और 27 सितंबर को प्रारंभिक मुकाबले खेले जायेंगे। इसमें एकल मुकाबले में टॉप 32 और युगल में टॉप 16 बालक और बालिका खिलाड़ियों को मेन ड्रॉ में जगह मिलेगी। प्रतियोगिता उद्घाटन के मुख्य अतिथि डीजीपी अनुराग गुप्ता और खेल विभाग के सचिव मनोज कुमार रहेंगे। वहीं प्रतियोगिता के समापन समारोह में खेल मंत्री मिथिलेश ठाकुर और मंत्री दीपिका पांडेय सिंह बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगी।

### झारखंड के पांच खिलाड़ियों को मिली सीधी इंट्री

ऑल इंडिया सब जूनियर अंडर 13 प्रतियोगिता में झारखंड के पांच खिलाड़ियों को मेन ड्रॉ में सीधी इंट्री मिली। इसमें संवित रमेश ने प्वाइंट्स के आधार पर क्वालीफाई किया है। जबकि गिरिडीह के डी राजवीर, गोड्डा के प्रिंस, रांची कि वान्या खन्ना और आशिता को वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली है। 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक मेन ड्रॉ का आयोजन होगा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए 16 ऑफिशियल्स बाहर से आ रहे हैं।

### प्रतियोगिता में कुल 3 लाख की इनाम राशि

प्रतियोतिगा में बेहर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के बीच कुल तीन लाख की राशि भारतीय बैडमिंटन संघ की ओर से बांटी जायेगी। एकल वर्ग में दोनों वर्गों में विजेता को 36 हजार, उपविजेता को 18 हजार वहीं डबल्स में विजेता को 19-19 हजार और उपविजेता को 9-9 हजार रुपये की इनाम राशि दी जायेगी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### झारखंड पुरुष टीम बनी पारा थ्रो बॉल राष्ट्रीय चैंपियन




रांची (आजाद सिपाही)। महिला टीम के बाद झारखंड पुरुष टीम ने पारा थ्रो बाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में पारा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के द्वारा हरिवंश टानाभगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव में बीसीसीएल कप पारा थ्रो बॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान को 3-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया जबकि हरियाणा को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। कांटे की टक्कर में झारखंड ने राजस्थान को 15-13, 15-12, 11-15 एवं 15-10 से मात दिया। विदित हो कि महिला वर्ग में झारखंड महिला टीम ने राजस्थान को 2 -0 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया था। विजेताओं को कप के साथ व्यक्तिगत पदक एवं नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी। प्रतियोगिता में निर्मला रावत, निदेशक पारा थ्रो बाल फेडरेशन ऑफ इंडिया, फेडरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर अल्बर्ट प्रेम कुमार, सुधा लील्हा, रमेश सिंह, निशा मेहता, मंजीत सिंह, कमल कुमार अग्रवाल ने खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत और कास्य पदक प्रदान किया। झारखंड टीम के कोच मुकेश कंचन ने कहा कि यह झारखंड के लिए गर्व का विषय है। राज्य की टीम ने विपरीत परिस्थियों में तैयारी कर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने कहा कि अगर सहयोग और अवसर मिले तो राज्य के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने मे सक्षम हैं। इस अवसर पर राज्य के कप्तान सनोज महतो ने कहा, कि यह जीत निशक्तता पर जीत है। संस्था के अध्यक्ष राहुल मेहता ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग के लिए बीसीसीएल, सीसीएल, सीएमपीडीआइ, एनटीपीसी, झारखंड सरकार, मुक्ति संस्थान, भूषण डेंटल क्लिनिक, विमेन हेल्पलाइन सोसायटी, डिसेबल स्पोर्ट्स एवं जन उत्थान समिति, दराद, दीपशिखा, यंग इंडिया, एनबीजेके, लीड्स, आशा, खेलगांव स्पोर्ट्स अथॉरिटी आदि को धन्यवाद दिया। प्रतिगोगिता के आयोजन में सरिता सिन्हा, आम्रपाली, नेहा, पतरस तिर्की, मुन्ना प्रसाद, तथा दीपशिखा के विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

### रवि कुमार पिंकू मुख्य संरक्षक मनोनीत



रांची (आजाद सिपाही)। यूथ क्लब दुर्गा पूजा समिति महावीर चौक, रांची के द्वारा श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू को यूथ क्लब दुर्गा पूजा समिति का मुख्य संरक्षक मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष विष्णु देव प्रसाद लिल्लू, शंकर साहू, रिंकू वर्मा, राजेश वर्मा आदि के द्वारा रवि कुमार पिंकू को शॉल तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। रवि कुमार पिंकू ने भी मुख्य संरक्षक का जिम्मेवारी को सहर्ष स्वकार करते हुए कहा कि मैं अपने सभी दायित्वों का निर्वहन समिति हित में करूंगा। मनोनयन पर बधाई देने वालों में रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे, रांची विधायक सीपी सिंह, किशोर साहू, शंकर दुबे, गोपाल पारीक, प्रवीण व्यास, जितेंद्र कुमार वर्मा, रूपेश बर्मन आदि प्रमुख रहे।

## पहाड़ी मंदिर की नयी समिति भंग

# हाइकोर्ट ने पहले की कमेटी को कार्य करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने गत वर्ष 2023 में बनी पहाड़ी मंदिर रांची की नयी समिति को भंग करने का आदेश दिया है। साथ ही पुरानी समिति को कार्य करने का आदेश दिया है। बता दें कि नयी कमेटी के खिलाफ हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी थी। इसे मंगलवार को स्वीकार कर लिया गया। मामले की सुनवाई जस्टिस एसके द्विवेदी की पीठ कर रही थी। पुरानी समिति की ओर से हाइकोर्ट में एडवोकेट अभय मिश्रा दलीलें पेश कर रहे थे। कोर्ट ने कहा है कि मंदिर की पुरानी समिति कार्य करती रहेगी। बात दें कि पिछले साल मंदिर प्रबंधन समिति भंग कर दी गयी थी।

# माटी कला बोर्ड के जरिये शिल्पकारों के उत्थान का हो रहा प्रयासः सत्यानंद भोगता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंत्री सत्यानन्द भोगता ने मंगलवार को रांची स्थित मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड सभागार उद्योग भवन में झारखंड माटी कला बोर्ड के द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला सह 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके उपरांत उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त लाभुकों के बीच कई आधुनिक संयंत्र का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि माटी कला बोर्ड के द्वारा शिल्पकारों को आधुनिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कई प्रशिक्षण केंद्र खोले गये हैं। माटी कला बोर्ड के माध्यम से शिल्पकारों के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। शिल्पकारों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे जुड़ कर शिल्पकार अपनी आय के स्रोत में वृद्धि कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान निदेशक आकांक्षा रंजन के अलावा हिमांशु मोहन, कृतिश्री समेत कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।





# संत जेवियर्स कॉलेज रांची ने शिक्षा के क्षेत्र में बनायी अपनी अलग पहचान















संत जेवियर्स कॉलेज रांची की शुरुआत रांची जेसुइट सोसाइटी की ओर से तीन जुलाई 1944 को की गयी थी. वहीं आजादी के पहले 1889 में जब रांची में सेकेंडरी स्कूल की जरूरत थी, तब सोसाइटी की ओर से 1944 में संत जेवियर्स कॉलेज की शुरुआत की गयी थी. उस दौरान इसे पटना विश्वविद्यालय से एफिलिएशन प्राप्त हुआ था. वहीं इसके बाद जब रांची विश्वविद्यालय की शुरुआत 1960 में हुई तो रांची विश्वविद्यालय ने संत जेवियर्स कॉलेज को एफिलिएशन प्रदान किया. माइनॉरिटी एजुकेशन संस्थान के रूप में शुरू इस कॉलेज को यूजीसी की ओर से 2005 में ऑटोनोमस कॉलेज की मान्यता प्रदान की गयी. इसके बाद कॉलेज ने नये कीर्तिमान स्थापित किये. इस कॉलेज के विद्यार्थियों ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी प्रतिभा से कॉलेज और राज्य का नाम रोशन किया है.



Rev. Fr. Dr. Nabor Lakra, sj
Principal

## कॉलेज में विद्यार्थियों को मिलती है सभी सुविधाएं

झारखंड का सबसे बेहतर कॉलेज कहे जाने वाले संत जेवियर्स कॉलेज विद्यार्थियों को पढ़ाई से लेकर खेल तक सभी सुविधाएं मुहैया करवाता है. इसमें शानदार कॉलेज बिल्डिंग और क्लासरूम, सेंट्रल रिसर्च लेबोरेट्री, लाइब्रेरी व रीडिंग रूम, ऑडिटोरियम, लेबोरेट्री, लैंग्वेज लैब, ट्राइबल रिसर्च सेंटर, फादर कामिल बुल्के रिसर्च सेंटर, कैंटीन, खेल के मैदान एवं फिटनेस के लिए जिम सहित अन्य सुविधाएं शामिल हैं. वहीं समय-समय पर कॉलेज प्रशासन की ओर से कई आयोजन भी किये जाते हैं.

## पूर्वोत्तर भारत में संत जेवियर कॉलेज बना है बेस्ट कॉलेज

वहीं इंडिया टुडे के वार्षिक रैंकिंग सर्वे 2024 के अनुसार पूर्वोत्तर भारत में संत जेवियर्स कॉलेज रांची उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेस्ट कॉलेज की श्रेणी में स्थान पा चुका है. संकायवार आर्ट्स और कॉमर्स में भारत की पूर्वी क्षेत्रवार कॉलेजों में कॉलेज को दूसरा स्थान हासिल हो चुका है. वहीं पूरे भारत के कॉलेज रैंकिंग में संत जेवियर्स ने कला संकाय में 34वां स्थान, विज्ञान संकाय में 74वां स्थान और कॉमर्स संकाय में 37वां स्थान प्राप्त किया है.

## कॉलेज में इन विषयों की होती है पढ़ाई

**यूजी डिपार्टमेंट**

**कला संकाय (बीए)**
- बीए इंग्लिश डिपार्टमेंट
- बीए हिंदी डिपार्टमेंट
- बीए हिस्ट्री डिपार्टमेंट
- बीए इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट
- बीए ज्योग्राफी डिपार्टमेंट
- बीए पोलिटिकल साइंस डिपार्टमेंट
- बीए सोशियोलॉजी डिपार्टमेंट

**विज्ञान संकाय (बीएससी)**
- बीएससी फिजिक्स डिपार्टमेंट
- बीएससी केमेस्ट्री डिपार्टमेंट
- बीएससी मैथमैटिक्स डिपार्टमेंट
- बीएससी बॉटनी डिपार्टमेंट
- बीएससी जूलॉजी डिपार्टमेंट
- बीएससी जियोलॉजी डिपार्टमेंट
- बीएससी स्टटिस्टिक्स डिपार्टमेंट

**कॉमर्स (बीकॉम)**
- बीकॉम एकाउंट्स

**कॉमर्स वाकेशनल / सेल्फ फाइनेंस (बीकॉम)**
- एडवर्टिजमेंट एंड मार्केटिंग
- ऑफिस मैनेजमेंट एंड सेक्रेटरियल प्रैक्टिस
- इंटरनेशनल एकाउंटिंग एंड फाइनेंस

**आर्ट वोकेशनल / सेल्फ फाइनेंस (बीए)**
- इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिट्रेचर
- जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन
- एनिमेशन एंड इंटीरियरडिजाइन

**साइंस वोकेशनल सेल्फ फाइनेंस**
- बी.एससी.बायोटेक्नोलॉजी
- बी.एससी इंफॉरमेशन टेक्नोलॉजी
- बी.एससी कंप्यूटर अप्लीकेशन

**मैनेजमेंट वोकेशनल सेल्फ फाइनेंस**
- बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
- रिटेल मैनेजमेंट
- फाइनेंसीयल मार्केट ऑपरेशन

**बैचलर इन वोकेशनल स्टडीज**
- फैशन टेक्नोलॉजी
- बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन एंड मैनेजमेंट
- बी.एड.

**साइंस वोकेशनल / सेल्फ फाइनेंस (बीएससी)**
- बैचलर इन कंम्प्यूटर साइंस
- बीएससी बॉयोटेक्नोलॉजी
- बीएससी इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
- बीएससी कंम्प्यूटर अप्लीकेशन

**पीजी डिपार्टमेंट**
- एमकॉम
- एमए (हिंदी, इंग्लिश, ज्योग्राफी, इकोनॉमिक्स, पोलिटिकल साइंस, हिस्ट्री )
- एमएससी (केमेस्ट्री, मैथ्स, बॉटनी, जूलॉजी, जियोलॉजी)






St. Xavier's College, Ranchi
(An Autonomous College of Ranchi University)

989G+5GM, Dr. Camil Bulcke Path
Pathalkudwa, Nayatoli
Ranchi, Jharkhand 834001

To Explore More
VISIT US TODAY!
www.sxcran.org




आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 25 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# मुख्यमंत्री मंईयां योजना को लेकर महिलाओं ने सीओ से बीएलओ की शिकायत की




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की महत्वाकांक्षी योजना, मंईयां सम्मान योजना को लेकर कई महिलाएं रांची अंचल में सीओ के पास पहुंचीं और बीएलओ की लापरवाही की शिकायत की। महिलाओं ने बताया कि उन्होंने अगस्त में बीएलओ के पास फार्म जमा किया था, लेकिन उन्हें पावती रसीद नहीं दी गयी। इसके कारण उनके खाते में 1000 रुपये की राशि नहीं आ रही है। सीओ ने महिलाओं की शिकायत सुनी और बीएलओ पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

सीओ ने कहा कि जिस बीएलओ ने लापरवाही बरती है, उस पर कार्रवाई सुनिश्चित होगी। इस मौके पर हिंदपीढ़ी, रातू रोड, लालपुर, डांगरा टोली सहित अन्य क्षेत्रों की महिलाएं शिकायत लेकर पहुंची थीं। सामाजिक कार्यकर्ता फरजाना फारुकी ने भी महिलाओं की समस्या को उठाया और बीएलओ की लापरवाही की निंदा की।

# वीवीपीएस में विशेष कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सोमवार को वीवीपीएस ने विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का नेतृत्व केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान के प्रख्यात विशेषज्ञ, डॉ. अभिजीत सिंह, तृषा शानबाग और मेघा केशरी ने किया। कार्यक्रम के अंतर्गत, विद्यार्थियों को अत्यधिक स्मार्टफोन के उपयोग से उत्पन्न मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर संवेदीकरण किया गया और इनसे निपटने के प्रभावी उपाय सुझाये गये। विद्यालय की प्रधानाचार्या जया प्रसाद ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आज की तेज रफ्तार ज़िंदगी में डिजिटल उपकरणों के संतुलित उपयोग से ही शारीरिक और मानसिक संतुलन बनाये रखा जा सकता है।

## टेंडर हार्ट के रौनक ने 150 विद्यालयों को पछाड़ कर शूटिंग में जीता गोल्ड



रांची ( आजाद सिपाही)। टेंडर हार्ट स्कूल के छात्र रौनक राज महतो ने सीबीएसइ ईस्ट जोन शूटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल में निशाना साधकर पूरे विद्यालय को गौरवांवित किया है। 23 सितंबर को आर्या मिशन स्कूल अररिया बिहार में आयोजित इस शूटिंग चैंपियनशिप में रौनक ने 10 मीटर एयर राइफल के अंडर 19 वर्ग में 400 में से 394 अंक हासिल कर गोल्ड मेडल जीता। इस दौरान रौनक पूरे चैंपियनशिप के सभी कैटेगरी में टॉप स्कोरर भी बनने का गौरव हासिल किया। ज्ञात हो कि पूरे झारखंड और बिहार से लगभग 150 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने शूटिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था। टेंडर हार्ट के वाईस चैयरमैन वेदांत तिवारी ने रौनक राज महतो के उत्कृष्ट सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि टेंडर हार्ट के छात्र छात्राएं जिस तरह से क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन और अब शूटिंग चैंपियनशिप में भी विजयी हासिल कर रहे हैं अब वह दिन दूर नहीं जब टेंडर हार्ट के विद्यार्थी नेशनल टीम के हिस्सा बनकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने रोशन को अगले चरण के प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं।

## चतरा राइफल क्लब के 15 निशानेबाज आसनसोल के लिए रवाना हुए




रांची ( आजाद सिपाही)। चतरा राइफल क्लब के 15 निशानेबाज 26 से 30 सितंबर 2024 तक आसनसोल में आयोजित 8वीं ईस्ट जोन राइफल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रवाना हुए हैं। इस प्रतियोगिता में 6 राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन प्री-नेशनल चैंपियनशिप के लिए किया जायेगा। खिलाड़ी कोच नीतीश कुमार के नेतृत्व में इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। भाग लेने वाले खिलाड़ियों में तानु कुमारी, पृथ्वीराज, फरहान अख्तर, फइक अख्तर, उजाला सिंह, आयुषी सिंह, ऋषभ झा, स्नेहा कुमारी सहित अन्य शामिल हैं। विशेष रूप से, अरविंद कुमार, जो न सुन सकते हैं न बोल सकते हैं, राइफल निशानेबाजी में अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेर रहे हैं। ये खिलाड़ी झारखंड का नाम रोशन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## मुख्यमंत्री से आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच की मांग: आयोगों में अध्यक्षों की नियुक्ति करें



रांची ( आजाद सिपाही)। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईमेल भेजकर सूचना आयोग, महिला आयोग, अनुसूचित जाति आयोग और मानवाधिकार आयोग में अध्यक्षों की नियुक्ति करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन आयोगों में अध्यक्षों की अनुपस्थिति के कारण राज्य में संबंधित कानूनों का उल्लंघन हो रहा है और जनता को न्याय नहीं मिल पा रहा है। विजय शंकर नायक ने मुख्यमंत्री से चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले इन आयोगों में अध्यक्षों की नियुक्ति करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि सूचना आयोग में 4 वर्षों से अधिक समय से अध्यक्ष नहीं होने के कारण सूचना अधिकार कानून पूरी तरह से ठप हो गया है। महिला आयोग में 5 वर्षों से अध्यक्ष नहीं होने के कारण महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ रही हैं। अनुसूचित जाति आयोग में भी 5 वर्षों से अध्यक्ष नहीं होने के कारण दलित वर्ग के उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ रही हैं। मानवाधिकार आयोग में भी अध्यक्ष नहीं होने के कारण मानवाधिकार कानूनों का उल्लंघन हो रहा है।

## वजन घटाने का मैराथन आयोजन किया गया




रांची (आजाद सिपाही)। डेली फिटनेस हब, सुजीत और इंदिरा के तत्वावधान में 21 दिन तक वजन घटाने मैराथन का आयोजन किया गया, जो ऑनलाइन वर्चुअली अपने घर से ही किया गया। इसमें 21 दिनों में सभी प्रतिभागियों ने अपनी लाइफस्टाइल को और वेलनेस कोच के गाइड, सभी ने अपना शानदार और बेहतर स्वास्थ्य परिणाम दिये। आदर्श वजन विजेता : प्रीति सिन्हा, द्वितीय विजेताः ज्योति मिश्रा, पवन कुमार, सिन्हा, नीलम कुमारी, राम बहादुर राम, सरीन कुमार, सरिता वर्मा। तृतीय पुरस्कार विजेताः अनिता देवी, मिथलेश कुमार, माही, हेमा रानी, रीमा कुमारी, शैल सिन्हा, सुष्मिता चौधरी, कमलेश्वर सिन्हा, चंदा मेहरा आदि रहे। डेली फिटनेस हब, सुजीत और इंदिरा के तत्वधान में 21 दिन वजन घटाने मैराथन का आयोजन किया गया, जो ऑनलाइन वर्चुअली अपने घर से ही किया गया, इस्मे 21 डिनो मी सभी प्रतिभागियों ने अपनी लाइफस्टाइल को और वेलनेस कोच के गाइड , सभी ने अपना शानदार और बेहतर स्वास्थ्य परिणाम किये।

## सुखदेवनगर में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते दो युवक गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करते दो युवक गिरफ्तार किये गये हैं। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सित्ती राम और अभिषेक यादव को गिरफ्तार किया है। दोनों किशोरगंज के रहने वाले हैं। इनके पास से 16 पुड़िया ब्राउन शुगर और एक बाइक बरामद हुआ है। मंगलवार को डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि किशोरगंज रोड नंबर 05 के पास अवैध नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री होने की सूचना मिली थी। उसके बाद पुलिस टीम का गठन कर छापेमारी की गयी। पुलिस बल को देख भागने के क्रम में सित्ती राम और अभिषेक यादव को पकड़ा गया।

झारखण्ड सरकार गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

67वीं औपबंधिक सूची
जिला–राँची (पार्ट–4)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.02021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी पुष्कर महतो एवं जितेन्द्र सिंह द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 182. | 1. आवेदन क्र0–1805/24<br>2. आवेदक–राजरानी मुण्डा, पति–स्व0 विष्वा मुण्डा<br>3. ग्राम–उपर हटिया, पिठिया टोली , पोस्ट–हटिया , थाना–जगरनाथपुर , प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के दायें मासा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 183. | 1. आवेदन क्र0–1810/24<br>2. आवेदक–अल्लाउद्दीन अंसारी पिता–स्व0 सहलू अंसारी<br>3. ग्राम–चेक पोस्ट, मुहल्ला नारो , पोस्ट–पिस्का नगड़ी , थाना–नगड़ी , प्रखण्ड–नगड़ी<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में जला हुआ निषान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मुमताज आलम खान एवं विनोद कुमार भगत द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 184. | 1. आवेदन क्र0–1811/24<br>2. आवेदक–आषापति टोप्पो, पति–स्व0 बुधवा टोप्पो<br>3. ग्राम–सिन्दवार टोली , पोस्ट–मोराबादी , थाना–बरियातु , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला , आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में कट का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 185. | 1. आवेदन क्र0–1814/24<br>2. आवेदक–अमर कुमार महतो, पति–करियो महतो<br>3. ग्राम–लाली , पोस्ट–लाली , थाना–नामकुम , प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर और पेट में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी एवं पूर्व सदस्य डॉ देवषरण भगत द्वारा स्थानीय जांच के आधार पर। | |
| 186. | 1. आवेदन क्र0–1815/24<br>2. आवेदक–राज कुमार सिंह , पिता–चक्रधारी सिंह<br>3. ग्राम–कैम्बो , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने आँख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 187. | 1. आवेदन क्र0–1816/24<br>2. आवेदक–जगराम उराँव , पिता–स्व0 कुरा उराँव<br>3. ग्राम–मुड़मा , पोस्ट–माण्डर, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें जांघ के निचे गोली का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 188. | 1. आवेदन क्र0–1817/24<br>2. आवेदक–सही प्रकाश एक्का , पिता–स्व0 पापुड़ा एक्का<br>3. ग्राम–कैम्बो , पोस्ट–माण्डर, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें तर्जनी में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 189. | 1. आवेदन क्र0–1818/24<br>2. आवेदक–क्रिस्टोफर एक्का , पिता–स्व0 लिबनुस एक्का<br>3. ग्राम–सोसई , पोस्ट–सोसई आश्रम , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हथेली के पिछे जन्मखोदा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 190. | 1. आवेदन क्र0–1819/24<br>2. आवेदक–महली उराँव , पिता–बन्दे उराँव<br>3. ग्राम–दर्जीपाड़ा , पोस्ट–महुआजाड़ी, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें जांघ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 191. | 1. आवेदन क्र0–1820/24<br>2. आवेदक–रामा तिग्गा, पिता–जेठो उराँव<br>3. ग्राम–महूवाजाड़ी , पोस्ट–माण्डर, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–कपाल में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 192. | 1. आवेदन क्र0–1821/24<br>2. आवेदक–जतरू उराँव , पिता–चम्पा उराँव<br>3. ग्राम–महुवाजोड़ी , पोस्ट–माण्डर , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आँख के ऊपर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 193. | 1. आवेदन क्र0–1822/24<br>2. आवेदक–तेम्बा कच्छप , पिता–धोरे कच्छप<br>3. ग्राम–दर्जी जाड़ी , पोस्ट–माण्डर , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–गले में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 194. | 1. आवेदन क्र0–1823/24<br>2. आवेदक–बिगा उराँव, पिता–धोरे उरांव<br>3. ग्राम–दर्जी जाड़ी , पोस्ट–माण्डर , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–स्पष्ट नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 195. | 1. आवेदन क्र0–1824/24<br>2. आवेदक–राम लखन उराँव , पिता–बन्दे उराँव<br>3. ग्राम–दर्जी जाड़ी , पोस्ट–माण्डर , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें केहुनी के पास घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 196. | 1. आवेदन क्र0–1825/24<br>2. आवेदक–गोनदला उराँव , पिता–रामा उराँव<br>3. ग्राम–सखा , पोस्ट–चरकी डुमरी, थाना–नरकोपी , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें जांघ के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 197. | 1. आवेदन क्र0–1826/24<br>2. आवेदक–सनि उराँव , पिता–बिजा उराँव<br>3. ग्राम–सखा , पोस्ट–चरकी डुमरी, थाना–नरकोपी , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 198. | 1. आवेदन क्र0–1827/24<br>2. आवेदक–हरिराम करमाली , पिता–सुखदेव करमाली<br>3. ग्राम–तिगोई अम्बाटोली , पोस्ट–करगे, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 199. | 1. आवेदन क्र0–1828/24<br>2. आवेदक–नहरे उराँव , पिता–बंधना उराँव<br>3. ग्राम–कैम्बो , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने भौ के निचे मस्सा। | कंडिका–2(ix) |
| 200. | 1. आवेदन क्र0–1829/24<br>2. आवेदक–आयता खलखो, पिता–स्व0 लेगो खलखो<br>3. ग्राम–बुढ़ा खुखरा , पोस्ट–बुढ़ा खुखरा , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 201. | 1. आवेदन क्र0–1830/24<br>2. आवेदक–चरणजीत उराँव, पिता–बिसु उराँव<br>3. ग्राम–महुवाजाड़ी , पोस्ट–माण्डर, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें जांघ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 202. | 1. आवेदन क्र0–1831/24<br>2. आवेदक–मंगा उराँव, पिता–लेगो उराँव<br>3. ग्राम–बुढ़ा खुखरा, पोस्ट–माण्डर, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें जांघ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 203. | 1. आवेदन क्र0–1832/24<br>2. आवेदक–शिबू एक्का , पिता–स्व0 गंदूरा एक्का<br>3. ग्राम–सोसई, पोस्ट–सोसई आश्रम , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने घुटने के पास घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 204. | 1. आवेदन क्र0–1833/24<br>2. आवेदक–मंगरा उराँव , पिता–गोयन्दा उराँव<br>3. ग्राम–कैम्बो , पोस्ट–कैम्बो, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने घुटने के निचे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 205. | 1. आवेदन क्र0–1834/24<br>2. आवेदक–एतवा उराँव , पिता–स्व0 लोन्दा उराँव<br>3. ग्राम–बरगड़ी , पोस्ट–बरगड़ी , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने भौ में जोनिया का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 206. | 1. आवेदन क्र0–1835/24<br>2. आवेदक–वाल्टर टोप्पो , पिता–स्व0 दलेया टोप्पो<br>3. ग्राम–सोसई , पोस्ट–सोसई आश्रम , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के छोटी अंगुली में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 207. | 1. आवेदन क्र0–1836/24<br>2. आवेदक–आदित्य कुमार सिंह , पिता–चक्रधारी सिंह<br>3. ग्राम–कैम्बो , पोस्ट–माण्डर , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 208. | 1. आवेदन क्र0–1837/24<br>2. आवेदक–जगु उराँव, पिता–स्व0 विना उराँव<br>3. ग्राम–कैम्बो , पोस्ट–माण्डर , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–स्पष्ट नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 209. | 1. आवेदन क्र0–1838/24<br>2. आवेदक–बंधना उराँव, पिता–बिगा उराँव<br>3. ग्राम–मुड़मा , पोस्ट–माण्डर , थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–77 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें केहूनी में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 210. | 1. आवेदन क्र0–729/24<br>2. आवेदक–बीरबल भगत, पिता–स्व0 धरमा भगत<br>3. ग्राम–सराईडीह , पोस्ट–तुसगांव , थाना–घाघरा , प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें आंख के नीचे कटे का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 211. | 1. आवेदन क्र0–730/24<br>2. आवेदक–योगेन्द्र भगत, पिता–स्व0 रामधन भगत<br>3. ग्राम–सरांगो, पोखरा टोली , पोस्ट–सरांजो , थाना–घाघरा , प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री ललित कुमार महतो एवं पुष्कर महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 212. | 1. आवेदन क्र0–1044/24<br>2. आवेदक–सम्भु कुमार दास , पिता–दिवजेन्द्र दास<br>3. ग्राम–रोड न0–4 बिरसानगर, पोस्ट–बिरसानगर, थाना–बिरसानगर, प्रखण्ड–गोविन्दपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाँयें ठूडी में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 213. | 1. आवेदन क्र0–1839/24<br>2. आवेदक–शामु पुरान , पिता–पुस्कर पुरान<br>3. ग्राम–आमलेशा, पोस्ट–आमलेशा , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 214. | 1. आवेदन क्र0–1840/24<br>2. आवेदक–कमलेश सिंह मुण्डा , पिता–मंगल सिंह मुण्डा<br>3. ग्राम–वारनेया टोला रोलाडीह, पोस्ट–उलिडीह , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायां पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 215. | 1. आवेदन क्र0–1841/24<br>2. आवेदक–सबरन मुण्डा , पिता–गुरूवा मुण्डा<br>3. ग्राम–रूगड़ी , पोस्ट–रूगड़ी , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष , पहचान चिन्ह–सीना पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 216. | 1. आवेदन क्र0–1842/24<br>2. आवेदक–लालमोहन महतो , पिता–स्व0 खादू महतो<br>3. ग्राम–रोलाडीह , पोस्ट–जारगो , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़.<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 217. | 1. आवेदन क्र0–1843/24<br>2. आवेदक–परेश पुरान , पिता–जगबन्धु पुरान<br>3. ग्राम–आमलेशा , पोस्ट–आमलेशा , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़.<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 218. | 1. आवेदन क्र0–1045/24<br>2. आवेदक–काशी नाथ घोष , पिता–कार्तिक चन्द्र घोष<br>3. ग्राम–छोटा गोंविदपुर , पोस्ट–गोविन्दपुर , थाना–गोविन्दपुर, प्रखण्ड–गोविन्दपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आँख के निचे कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 219. | 1. आवेदन क्र0–1046/24<br>2. आवेदक–झुम्पा सोय , पति–नसीबन सोय<br>3. ग्राम–जोन न0–4, बिरसानगर , पोस्ट–बिरसानगर, थाना–बिरसानगर,प्रखण्ड–गोविन्दपुर.<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–ठूड्डी में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 220. | 1. आवेदन क्र0–1844/24<br>2. आवेदक–संजय कुमार सहाय , पिता–डॉ विनोद कुमार सहाय<br>3. ग्राम–थड़पखना , पोस्ट–राँची , थाना–लोअर बाजार , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाँया आँख के बगल में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 221. | 1. आवेदन क्र0–1845/24<br>2. आवेदक–जीतन देवी , पति–देवानन्द सिंह मुण्डा<br>3. ग्राम–वघई , पोस्ट–लुँगदू , थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाँया हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 222. | 1. आवेदन क्र0–1047/24<br>2. आवेदक–सतीनाथ चौधरी , पिता–शिव कुमार चौधरी<br>3. ग्राम–परसुडीह , पोस्ट–गोविन्दपुर , थाना–परशुडीह , प्रखण्ड–गोविन्दपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायाँ हाथ में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 223. | 1. आवेदन क्र0–1048/24<br>2. आवेदक–विपिन कुमार सिंह , पिता–राम स्वार्थ सिंह<br>3. ग्राम–छोटा गोविन्दपुर , पोस्ट–गोविन्दपुर , थाना–गोविन्दपुर , प्रखण्ड–गोविन्दपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी पुष्कर महतो एवं श्री सुबोध कुमार लकड़ा द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 224. | 1. आवेदन क्र0–1902/24<br>2. आवेदक–रोपना उरांव , पिता–बिरसा उरांव<br>3. ग्राम–पुरियो , पोस्ट–पुरियो , थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–होंठ के उपर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 225. | 1. आवेदन क्र0–1903/24<br>2. आवेदक–शनिचरवा उरांव , पिता–स्व0 बुधू उरांव<br>3. ग्राम–पुरियो , पोस्ट–पुरियो , थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में काला दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 226. | 1. आवेदन क्र0–1904/24<br>2. आवेदक–बिरसा मिंज , पिता–शिबु मिंज<br>3. ग्राम–पुरियो , पोस्ट–पुरियो , थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें तरफ गाल में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 227. | 1. आवेदन क्र0–1905/24<br>2. आवेदक–पंचु उरांव , पिता–विश्वा उरांव<br>3. ग्राम–पुरियो , पोस्ट–पुरियो , थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने कंधे में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 228. | 1. आवेदन क्र0–1906/24<br>2. आवेदक–अनुप उरांव , पिता–स्व0 पान्डू उरांव<br>3. ग्राम–पुरियो , पोस्ट–पुरियो , थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 229. | 1. आवेदन क्र0–1907/24<br>2. आवेदक–परमेश्वर उरांव (टोप्पो) , पिता–महेश टोप्पो<br>3. ग्राम–पुरियो , पोस्ट–पुरियो , थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के जांघ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 230. | 1. आवेदन क्र0–1908/24<br>2. आवेदक–बिरसा उरांव , पिता–चेपो उरांव<br>3. ग्राम–पुरियो , पोस्ट–पुरियो , थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 231. | 1. आवेदन क्र0–1909/24<br>2. आवेदक–बुधवा उरांव , पिता–अंगु उरांव<br>3. ग्राम–पुरियो , पोस्ट–पुरियो , थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 232. | 1. आवेदन क्र0–1910/24<br>2. आवेदक–आनन्द मिंज , पिता–एतवा मिंज<br>3. ग्राम–पुरियो टोंका टोली, पोस्ट–पुरियो , थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 233. | 1. आवेदन क्र0–1911/24<br>2. आवेदक–बुधराम उरांव , पिता–करमा उरांव<br>3. ग्राम–पुरियो टोंका टोली, पोस्ट–पुरियो , थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें कंधा में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 234. | 1. आवेदन क्र0–1912/24<br>2. आवेदक–संजय उरांव , पिता–चरवा उरांव<br>3. ग्राम–पुरियो टोंका टोली, पोस्ट–पुरियो , थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें हाथ तर्जनी अंगुली में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी पंचु उरांव एवं बंधना उरांव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 235. | 1. आवेदन क्र0–1913/24<br>2. आवेदक–भादे उरांव , पिता–स्व0 राम उरांव<br>3. ग्राम–महुगांव, पोस्ट–मुरतो , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 236. | 1. आवेदन क्र0–1914/24<br>2. आवेदक–राम उरांव , पिता–स्व0 मंगवा उरांव<br>3. ग्राम–महुगांव, पोस्ट–मुरतो , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर पर निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 237. | 1. आवेदन क्र0–1915/24<br>2. आवेदक–एतवा उरांव , पिता–स्व0 लेदा उरांव<br>3. ग्राम–महुगांव, पोस्ट–मुरतो , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ केहुनी में जला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 238. | 1. आवेदन क्र0–1916/24<br>2. आवेदक–पुनई उरांव , पिता–स्व0 चारो उरांव<br>3. ग्राम–महुगांव, पोस्ट–मुरतो , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 239. | 1. आवेदन क्र0–1917/24<br>2. आवेदक–बुदू उरांव , पिता–स्व0 मुडला उरांव<br>3. ग्राम–महुगांव, पोस्ट–मुरतो , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–कान में घाव। | कंडिका–2(ix) |
| 240. | 1. आवेदन क्र0–1918/24<br>2. आवेदक–सुकरा उरांव , पिता–चरवा उरांव<br>3. ग्राम–महुगांव, पोस्ट–मुरतो , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष , पहचान चिन्ह–पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 241. | 1. आवेदन क्र0–1919/24<br>2. आवेदक–बुधवा उरांव , पिता–मकु उरांव<br>3. ग्राम–महुगांव, पोस्ट–मुरतो , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां घुटना में दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 242. | 1. आवेदन क्र0–1920/24<br>2. आवेदक–मंगरा उरांव , पिता–स्व0 बान्दे उरांव<br>3. ग्राम–महुगांव, पोस्ट–मुरतो , थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जालेष्वर उरांव एवं जावेद अख्तर द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पार्टी बैठक पंजी में नाम के आधार पर। | |
| 243. | 1. आवेदन क्र0–1878/24<br>2. आवेदक–मो0 संजर आलम , पिता–मो0 गुलाम रसूल<br>3. ग्राम–सेमर टोली कांके , पोस्ट–कांके , थाना–कांके , प्रखण्ड–कांके<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित है। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 336833 Home(24-25)D

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.7 °c | 22.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.43 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.38 बजे |



## मंईयां सम्मान यात्रा पलामू में : कल्पना सोरेन, बेबी देवी और दीपिका पांडेय सिंह का भव्य स्वागत कैमरे की नजर में





## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** परिस्तितियों में काफी बदलाव होगा,लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। सामाजिक क्षेत्र में कार्य विस्तार होगा।
- **वृष** रुके हुए कार्यों में तेजी आयेगी, नवीन योजना बनेगी,आमदनी में वृद्धि,धर्म-कर्म में रुचि।
- **मिथुन** उत्साह उमंग भरा होगा,पदोन्नति तथा व्यवसाय में लाभ के अवसर बढ़ेगी आर्थिक प्रगति बनी रहेगी।
- **कर्क** अनावश्यक खर्चों में कमी आयेगी। आर्थिक एवं व्यावसायिक मामलों के लिए समय अच्छा है।
- **सिंह** मकान,वाहन,भौतिक सुखों की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय,आर्थिक लाभ।
- **कन्या** नये प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा,रुका हुआ काम पूरा होगा,संतान सुख।
- **तुला** नवीन योजनाओं को पूरा करने में कठिनाईयों का सामना हो सकता है, पारिवारिक उलझन।
- **वृश्चिक** संतानों की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा, आत्मविश्वास में वृद्धि,पुरानी परेशानी से छुटकारा।
- **धनु** चिर संचित अभिलाषा पूरी होगी, कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, अधिकारियों का सहयोग।
- **मकर** आमदनी के साधनों में सुधार होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।
- **कुंभ** कुछ नये सम्बन्ध बनेंगे, पारिवारिक परेशानी से छुटकारा, अभी नौकरी में बदलाव न करें।
- **मीन** वाणी पर नियत्रंण रखें,सरकारी नौकरी करनेवालों के नवीन पद और अधिकार मिलने की संभावना।

## महत्वपूर्ण खबरें

### इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज का स्वच्छता अभियान




रांची (आजाद सिपाही)। इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज ने रांची में सोमवार को रांची यूनिवर्सिटी के एनएसएस समन्वयक डॉक्टर बृजेश कुमार के संरक्षण में कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। सबसे पहले निदेशक डॉक्टर एसएन मिश्रा ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम करवाया तथा स्वच्छता अभियान के संबंध में जानकारी दी गयी। पाठ्यक्रम समन्वयक डाक्टर नीतेश राज ने छात्रों को स्वच्छता के महत्व को समझते हुए उन्हें मन वचन और कर्म से भी दूसरे की सेवा में तत्पर रहने का संदेश दिया। एनएसएस की कार्यक्रम पदाधिकारी डाक्टर हैप्पी भाटिया ने बताया कि घर हो या ऑफिस हो सभी जगह स्वच्छता के नियमों का पालन करना ही एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य होता है। एनएसएस स्वयंसेवकों ने कैंपस में बरसाती घासों का सफाया किया तथा विभिन्न प्रकार के पौधों को भी व्यवस्थापित किया। स्वच्छता कार्यक्रम में डॉक्टर मोहम्मद जाकिर, निशिकांत प्रसाद, डॉक्टर अजीत कुमार, उदय प्रताप सिंह, विमल कुजूर, आफताब आलम अंसारी, रिमझिम वैष्णवी, शालिनी साबू, डॉक्टर अजय राज, डॉक्टर अंगिका जयसवाल, डॉक्टर प्रिंस पांडे, सुरभि कुमारी, शुभांकर, अनिल गोस्वामी एवं संस्थान के सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### कमलेश समेत 6 के खिलाफ इडी ने दायर की पीसी

रांची (आजाद सिपाही)। कांके में लैंड स्कैम के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी पत्रकार से जमीन कारोबारी बने कमलेश कुमार, कांके सीओ जयकुमार राम, कांके के पूर्व सीओ दिवाकर द्विवेदी समेत 6 लोगों के खिलाफ इडी ने पीसी (प्रोसिक्यूशन कंप्लेन) दाखिल कर दी है। मंगलवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में एजेंसी ने पीसी दाखिल की है। जिसमें पूरे घोटाले की विस्तृत जानकारी दी गयी है। इडी द्वारा दायर पीसी पर कोर्ट जल्द संज्ञान ले सकता है। एजेंसी ने कमलेश को रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी, जिसमें अहम खुलासे हुए थे। लैंड स्कैम से जुड़े केस में इडी ने जून महीने में कमलेश के घर पर छापेमारी की थी। जिसमें उसके घर से एक करोड़ रुपये कैश और 100 कारतूस बरामद हुए थे। पूछताछ के बाद में कमलेश को इडी ने गिरफ्तार किया था।

### श्री श्याम मंदिर में 120वां श्री सुंदरकांड पाठ



रांची (आजाद सिपाही)। हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित 120वें श्री सुंदरकांड पाठ में भक्तजनों ने भाग लिया। इस अवसर पर मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने महाबली बजरंगबली की ज्योति प्रज्ज्वलित की और श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा की। पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा ने ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया और अन्य भक्तजन उपस्थित थे। शनिवार 28 सितंबर को रात्रि 9:30 बजे से एकादशी संकीर्तन का आयोजन होगा, जिसमें कोलकाता से मंगाये गये फूलों से खाटूनरेश सहित सभी देवी देवताओं का विशेष दिव्य श्रृंगार होगा।

### लोकहित अधिकार पार्टी ने किया संगठन विस्तार

रांची (आजाद सिपाही)। लोकहित अधिकार पार्टी ने अपने संगठन विस्तार के तहत पांचवीं सूची जारी की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के निर्देश पर प्रधान महासचिव मो अजहर आलम ने यह सूची जारी की। हटिया विधानसभा क्षेत्र से हजारी प्रसाद साहू उर्फ मोदी को प्रदेश सचिव सह हटिया विधानसभा क्षेत्र का चुनाव प्रभारी मनोनीत किया गया है। इसके अलावा, गढ़वा जिला भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से जयराम पासवान को अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पलामू जिला पांकी विधानसभा क्षेत्र से विश्वनाथ साहू को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पांकी विधानसभा क्षेत्र का चुनाव प्रभारी मनोनीत किया गया है। बरहेट विधानसभा क्षेत्र के निवासी गंगा राम मालतो को भी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किया गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी का संगठन विस्तार तेजी से हो रहा है और झारखंड के सभी जिलों में पार्टी से जुड़ने वालों की संख्या बढ़ रही है।इसके अलावा, पार्टी ने 30 सितंबर को राजभवन के समक्ष एक दिवसीय महाधरना आयोजित करने की घोषणा की है ताकि सहारा इंडिया और अन्य नन-बैंकिंग कंपनियों में डूबे हुए धन की वापसी के लिए दबाव डाला जा सके।

# कल्पना सोरेन ने जगरनाथ महतो को याद किया तो मंच पर फूट-फूट कर रोने लगीं मंत्री बेबी देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झामुमो ने सोमवार को गढ़वा के भवनाथपुर से मंईयां सम्मान यात्रा की शुरुआत की है। इसी यात्रा के क्रम में गढ़वा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। मंच पर मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह और विधायक कल्पना सोरेन मौजूद थीं। कल्पना सोरेन भाषण दे रही थीं। इसी दौरान बेबी देवी फूट-फूट कर रोने लगीं, जिसके बाद दीपिका पांडेय सिंह ने उन्हें संभाला। दरअसल कल्पना सोरेन कोविड के दौर में झारखंड सरकार के सामने आयी चुनौतियों



का जिक्र कर रही थीं। इसी दौरान उन्होंने बेबी देवी के पति पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो की चर्चा की। झारखंड के लिए जगरनाथ महतो के किये गये संघर्षों को याद किया। बताया कि कोविड की चपेट में आने के बाद और बीमार होने के बाद भी उन्होंने कर्मभूमि नहीं छोड़ी। इसी दौरान पति की याद में बेबी देवी भावुक हो गयीं और फूट-फूट कर रोने लगीं।

### 1000 रुपये महिलाओं का आत्मसम्मान : बेबी देवी

रात्रि चौपाल में कल्पना सोरेन ने कहा कि मंईंयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाले हजार रुपये की राशि ग्रहिणियों का आत्मसम्मान है। जो लोग यह सोचते हैं कि महिलाएं कमजोर होती हैं, वह मंत्री बेबी देवी को देखें, पहले यह घर संभालती थीं, लेकिन आज महिलाओं के चेहरे पर जो मुस्कान है, उसकी हकदार बेबी देवी हैं। सोचा जाता है कि महिलाएं कमजोर होती है, लेकिन महिलाएं कमजोर नहीं हैं। महिलाएं समाज और परिवार को बनाती हैं और सभी को साथ जोड़ कर साथ चलती हैं। कहा कि पहली बार किसी सरकार ने गृहिणियों के बारे में सोचा है। जब तक महिलाएं जीवित हैं, तब तक किसी न किसी योजना के साथ में जुड़ी रहेंगी। यह हेमंत सोरेन की सोच है।

### 31 बोतल शराब के साथ एक गिरफ्तार

रांची। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने मुरी स्टेशन से एक व्यक्ति को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम सूरज कुमार है। वह बिहार के पटना का रहनेवाला है। उसके पास से 31 बोतल शराब बरामद की गयी है।

# राज्य में बहन-बेटिया सुरक्षित नहीं हैं: कोचे मुंडा



आजाद सिपाही संवाददाता

**तोरपा।** तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने कह कि परिवर्तन यात्रा के माध्यम से राज्य की भ्रष्ट सरकार को हटाना है। भाजपा की सरकार बनने पर सभी को रोजगार देंगे। उन्होंने कहा कि हम झारखंड की बेटी, रोटी और माटी को बचाने का संकल्प लेते हैं। 2019 में चुनाव के वक्त झामुमो ने वादा किया था, पांच वर्षों में भी वे वादे पूरे नहीं हुए। राज्य के युवा जब अपना अधिकार मांगते हैं, तो उन्हें लाठी और गोली मिलती है। राज्य में बहन-बेटिया सुरक्षित नहीं हैं। कार्यक्रम को पूर्व राज्यसभा सांसद समरी उरांव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री निखिल कंडुलना और धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष संजय साहू ने किया। मौके पर भाजपा नेता गणेश मिश्रा, पूर्व मंत्री सुदर्शन भगत, विनय लाल, संतोष जयसवाल, प्रियांक भगत, विनोद भगत, जोकिना गुड़िया सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सतर्कता जागरूकता अभियान

# सीसीएल ने भाषण और नारा प्रतियोगिता आयोजित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सतर्कता जागरूकता अभियान-2024 के तहत केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड में सीसीएल मुख्यालय और गांधीनगर अस्पताल द्वारा राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी की संस्कृति विषय पर भाषण और नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सीसीएल के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को ईमानदारी की संस्कृति के महत्व के बारे में बताया। सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं ताकि सत्य निष्ठा और पारदर्शी कार्य संस्कृति को बढ़ावा मिल सके।

# नवनियुक्त चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव पहुंचे रांची, एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत, आज लेंगे शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव मंगलवार को एयर इंडिया के विमान से रांची एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्रार एस्टेब्लिशमेंट, प्रोटोकॉल के अधिकारी, लॉ सेक्रेटरी, रांची डीसी, राजपाल के प्रधान सचिव, रांची एसएसपी ने उनका स्वागत किया। वहां से नवनियुक्त चीफ जस्टिस होटल रेडिसन ब्लू पहुंचे। जहां वे आज रुकेंगे। बुधवार की



सुबह 10:30 राज्यपाल उन्हें राजभवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। बता दें कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव को स्थानांतरित करते हुए झारखंड हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया गया है।

# ड्राइवर ने ध्यान नहीं दिया, तो ट्रेन खुद लगा लेगी ब्रेक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चलती ट्रेन में अगर किसी कारणवश ड्राइवर ने ब्रेक नहीं लगाया तो जरूरत होने पर ट्रेन खुद ब खुद ब्रेक लगा लेगी। भारतीय रेलवे हादसों को रोकने के लिए अब इस तकनीक पर काम कर रही है। इस बाबत आज केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राजस्थान के माधवपुर में मीडिया को जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया

### रेलमंत्री ने बताया कवच से रेल हादसों पर ऐसे लगेगी लगाम

कि कवच 4.0 की तकनीक से तहत लोको पायलट अपनी कैब में ही 10 किलोमीटर दूर का सिग्नल देख सकता है। कहा कि अगर ट्रेन रेड सिग्नल के पास पहुंच रही है और ड्राइवर ध्यान नहीं दे रहा है, तो कवच अपने आप ब्रेक लगा देगा। कहा कि कवच को बारिश, पहाड़ी इलाकों, तटीय इलाकों के अनुरूप विकसित किया गया है। अगले 5-6 सालों में पूरा नेटवर्क कवच से कवर हो जायेगा। सवाई माधोपुर, राजस्थान में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, ₹कवच 4.0 की शुरुआत भारत में पहली बार सवाई माधोपुर से हुई है। इस क्षेत्र में कवच लगाने का काम पूरा हो चुका है।

RANCHI UNIVERSITY, RANCHI

VERY SHORT TENDER NOTICE

Sealed Tenders are invited in two Bid systems from the reputed firms for supply of Books related to higher education of Value Rs. 30 Lakhs (Subjects: Tribal & Regional Language- Mundari, Ho, Kurmali, Kurukh, Nagpuri, Santali, Panchpargania, Kharia, Khortha : Bengali & Urdu) for Central Library and Departmental Libraries of Ranchi University. The interested firm will quote percentage of discount to be given on the Book price. The B.O.Q. can be downloaded from Ranchi University website **www.ranchiuniversity.ac.in** and be submitted to the C.C.D.C. Office, Ranchi University. Shahid Chowk, Ranchi on working days during office hours from **25.09.2024 to 04.10.2024 till 1.00 pm.** Tender will be opened on the same day i.e. on **04.10.2024 at 2.30** pm. in the Office of C.C.D.C. Ranchi University, Ranchi in presence of bidders or their authorized representatives. The undersigned reserves the right to accept or reject any or all tenders without assigning any reason.

**Memo No.: PL/1213-16/24**
**Dated : 24.09.2024**

By Order of the Vice-Chancellor
Sd/- Registrar
Ranchi University, Ranchi

# स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में स्वच्छता ही सेवा-2024 के तहत रामाशीष चौक स्थित रेलवे आवास परिसर में रिक्त पड़े स्थानों में पौधरोपण का कार्य वृहत स्तर पर प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, सुरेश कुमार पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, विवेक भूषण सूद, वरीय मंडल यांत्रिक इंजीनियर, पुष्कर कुमार, मंडल पर्यावरण प्रबंधक, आशीष कुमार



एवं मुख्यालय के मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक, सुमन कुमार तांती, उप मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक, मंजय कुमार सिंह सहित मुख्यालय के अन्य गणमान्य अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सोनपुर मंडल के स्काउट एवं गाइड के कर्मचारियों एवं बच्चे-बच्चियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में करीब 200 पौधे लगाये गये।

एचडीएफसी बैंक के द्वारा सीएसआर फंड के माध्यम से विभिन्न प्रकार के फलदार तथा फूलदार पौधे, जैसे-आम, अमरूद, लीची, जामुन, आंवला, अनार, रात रानी, हर सिंगार, बेला कचनार, कनैल, उड़हुल, गुलमोहर इत्यादि लगाये गये।

दानापुर मंडल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अतंर्गत स्वच्छता की भागीदारी के तहत बख्तियारपुर, झाझा, मोकामा, आरा, पाटलिपुत्र, पटना साहिब, जहानाबाद, नवादा एवं पटना कॉलोनी में रहने वाले निवासियों एवं रेल यात्रियों को नो सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में जागरूक किया गया। पटना जंक्शन पर बोतल क्रशर मशीन के प्लास्टिक से बने टी-शर्ट को बिक्री के लिए प्रदर्शनी लगायी गयी।

# कोई लूपहोल न रहे

चाइल्ड पॉर्नोग्रफी पर सोमवार को सुनाये गये सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अगर खुद मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ ने ऐतिहासिक बताया है तो यह बेवजह नहीं है। सर्वोच्च अदालत ने न केवल मद्रास हाइकोर्ट के संबंधित फैसले को पलट दिया, बल्कि इस अपराध से जुड़े अलग-अलग पहलुओं पर बड़ी बारीकी से और उतने ही विस्तार से चर्चा की। यही नहीं, इस अपराध को देखे जाने के प्रचलित नजरिए में गंभीर संशोधन की जरूरत बताते हुए कोर्ट ने संसद को यह सुझाव भी दिया कि चाइल्ड पॉर्नोग्रफी के बदले 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' का इस्तेमाल किया जाये। इस अपराध को लेकर समाज के एक हिस्से में किस तरह का ढीला-ढाला रवैया अपनाया जाता है इसका कुछ अंदाजा मद्रास हाइकोर्ट के उस फैसले से भी होता है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया। हाइकोर्ट ने 28 साल के व्यक्ति के खिलाफ दर्ज क्रिमिनल केस को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि चाइल्ड पॉर्नोग्रफी के विडियो डाउनलोड करना या देखना अपने आप में अपराध नहीं। कोर्ट का यह भी कहना था कि आजकल बच्चों में पॉर्न देखना एक बड़ा मसला है और इन्हें दंडित करने के बजाय शिक्षित करने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों के विक्टिमाइजेशन से जुड़े पहलुओं को अहमियत देते हुए इस मसले को देखा और समझा कि हाइकोर्ट के नजरिए में गंभीर खामियां हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगर कोई चाइल्ड पॉर्नोग्रफी के विडियो डाउनलोड करता है, देखता है और उसे डिलीट करने या रिपोर्ट करने में नाकाम होता है, तो कानून के तहत उस पर केस बनता है। यह भी स्पष्ट हुआ कि इस कानून की धारा 15 के तहत आने वाली उपधाराएं (1), (2) और (3) एक दूसरे से स्वतंत्र हैं। यानी कोई मामला अगर किसी एक उपधारा के दायरे में नहीं आता तो भी वह दूसरी उपधारा के अंतर्गत आ सकता है। समाज के एक बड़े तबके में पॉर्न विडियो का फैलाव बढ़ गया है, जो एक बड़ी समस्या है। इस वजह से इस तरह के डर की भी गुंजाइश बनती है कि अगर किसी के वट्सऐप पर कोई आपत्तिजनक विडियो आता है, जो डिलीट होने से रह जाता है, तो कहीं संबंधित व्यक्ति को अपराधी न मान लिया जाये। मगर यहां विडियो आने और उसे डाउनलोड करने और देखे जाने का फर्क याद रखने लायक है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की खासियत यह भी है कि इसने कानूनी दृष्टि को वह बारीकी दी है, जो ऐसे आपराधिक मकसद वाले मामलों को अन्य मामलों से अलग कर सके और अपराधियों को 'शिक्षित' करने की जरूरत की ढाल न लेने दे।

सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों के विक्टिमाइजेशन से जुड़े पहलुओं को अहमियत देते हुए इस मसले को देखा और समझा कि हाइकोर्ट के नजरिए में गंभीर खामियां हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगर कोई चाइल्ड पॉर्नोग्रफी के विडियो डाउनलोड करता है, देखता है और उसे डिलीट करने या रिपोर्ट करने में नाकाम होता है, तो कानून के तहत उस पर केस बनता है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

सत्येंद्र नाथ ठाकुर पहले भारतीय थे, जिन्हें 1864 में विशेष अवसर एवं सुविधा वाली आइसीएस में प्रवेश मिला। 1871 में चार और भारतीय इस सेवा में शामिल हुए - सुरेंद्र नाथ बनर्जी, रमेश चंद्र दत्त, बिहारी लाल गुप्ता एवं श्रीपाद बाबाजी। बनर्जी ने लिखा है कि कैसे भारतीयों को अपमान के घूंट पीने पड़ते थे और कैसे उन्हें बेतुके आधार पर बर्खास्त कर दिया गया। सहायक दंडाधिकारी पौसफोर्ड उनसे दो साल वरीय थे, लेकिन दोनों एक साथ विभागीय परीक्षा में बैठे। बनर्जी पास हो गये और पौसफोर्ड फेल। बनर्जी ने लिखा है, वह यूरोपीय थे, मैं भारतीय था। इसलिए मेरी सफलता मेरी बर्बादी का कारण बनी।

# ब्यूरोक्रेसी का यह रोग बहुत पुराना है



**सुधांशु रंजन**







भारतीय प्रशासनिक सेवा से पूजा खेडकर को मुअत्तल किया जाना एक अलहदा घटना नहीं है। यह नौकरशाही में लगे घुन को दिखाता है, जो अंदर ही अंदर उसे खा रहा है। वैसे पूजा ने खुद परेशानी मोल ली अपनी व्यक्तिगत महंगी कार में अवैध तरीके से लाल बत्ती लगाकर। कार का नंबर भी वीआइपी था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इससे सोशल मीडिया की ताकत का भी एहसास होता है।

**वीआइपी होने का एहसास :** आगे की जांच से पता चला कि उसने अपनी जाति, आर्थिक हैसियत और विकलांगता के बारे झूठे तथ्य प्रस्तुत किए। यह भ्रष्टाचार है, जो शासन के ऊपर सवाल खड़े करता है। लेकिन लाल बत्ती और वीआइपी नंबर लगाकर अपने विशिष्ट होने का एहसास कराना भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए सामान्य बात है। इस सेवा में चयन होते ही उनके अंदर यह भावना घर कर जाती है कि उनका स्थान समाज में विशिष्ट है।

**आइएएस एक्ट :** नौकरशाही का ऐसा चरित्र कैसे बना, इसे समझने के लिए इतिहास में झांकना पड़ेगा। 1861 में इंडियन सिविल सर्विस अधिनियम बनाया गया, जिसका मकसद था 1793 अधिनियम को नजरअंदाज कर भारत में सिविल सेवा में की गई सभी नियुक्तियों को वैध ठहराना। प्रारंभ में इसे Covenanted सिविल सर्विस कहा गया। उसमें नियुक्त किये जाने वाले सभी अंग्रेज होते थे, जिन्हें इंग्लैंड से भारत भेजा जाता था। बाद में चार्टर अधिनियम, 1853 में सिविल सेवा का दरवाजा भारतीयों के लिए खोल दिया।

सत्येंद्र नाथ ठाकुर पहले भारतीय थे, जिन्हें 1864 में विशेष अवसर एवं सुविधा वाली आइसीएस में प्रवेश मिला।

**भारतीयों का अपमान :** सत्येंद्र नाथ ठाकुर पहले भारतीय थे, जिन्हें 1864 में विशेष अवसर एवं सुविधा वाली आइसीएस में प्रवेश मिला। 1871 में चार और भारतीय इस सेवा में शामिल हुए - सुरेंद्र नाथ बनर्जी, रमेश चंद्र दत्त, बिहारी लाल गुप्ता एवं श्रीपाद बाबाजी। बनर्जी ने लिखा है कि कैसे भारतीयों को अपमान के घूंट पीने पड़ते थे और कैसे उन्हें बेतुके आधार पर बर्खास्त कर दिया गया। सहायक दंडाधिकारी पौसफोर्ड उनसे दो साल वरीय थे, लेकिन दोनों एक साथ विभागीय परीक्षा में बैठे। बनर्जी पास हो गये और पौसफोर्ड फेल। बनर्जी ने लिखा है, वह यूरोपीय थे, मैं भारतीय था। इसलिए मेरी सफलता मेरी बर्बादी का कारण बनी।

**प्रशासन ही सरकार :** अंग्रेजी राज में प्रशासन सरकार का पर्याय था। डेविड सी पॉटर ने सटीक टिप्पणी की है, आइएएस अधिकारी औपचारिक रूप से जनसेवक हैं जबकि उनके पूर्ववर्ती स्वयं ही सरकार थे। 1907 में बाल गंगाधर तिलक ने भी ऐसी ही टिप्पणी की थी कि भारत सचिव अधिकारियों की इच्छा के बगैर कुछ नहीं कर सकते हैं। जलियांवाला बाग कांड के बाद यह प्रमाणित भी हो गया, जब भारत सचिव कार्रवाई करने में बेबस नजर आए क्योंकि नौकरशाही किसी भी जांच के खिलाफ थी।

**निर्वाचित सरकार से तनातनी :** सिविल सेवा निर्वाचित सरकार के अधीन काम करने को भी तैयार नहीं थी। 1937 में कांग्रेस व कुछ अन्य दलों ने अलग-अलग राज्यों में सरकारें बनायीं। जुलाई 1937 में ही बिहार में कांग्रेस की सरकार बनी। नौकरशाही इससे किस तरह विचलित हुई, इसका प्रमाण ब्रेट सर्कुलर से मिलता है। राज्य के मुख्य सचिव डब्लू बी ब्रेट ने 8 दिसंबर 1937 को एक सर्कुलर जारी किया जिसमें अधिकारियों से कहा गया कि कार्यकारी कामकाज नियमावली के नियम 13 की जरूरतों को उन्हें भूलना नहीं चाहिए, जिसके अंतर्गत कोई भी सरकारी आदेश सचिव, अवर सचिव या सहायक सचिव के हस्ताक्षर से ही जारी होंगे।

**दूसरा परिपत्र :** इस पर बड़ा हंगामा हुआ। मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिन्हा और उनके मंत्रिमंडल ने इस पर आपत्ति की। लेकिन सर्कुलर में वही था, जो नियमावली में था। आज भी स्थिति तकनीकी रूप से वही है। खैर, उस परिपत्र पर रोक लगायी गयी। ब्रेट के ही हस्ताक्षर से दूसरा परिपत्र 24 दिसंबर को जारी किया गया, लेकिन उसमें पहले परिपत्र की कोई चर्चा नहीं थी और न ही उसे गलत बताया गया था।

**सुभाष का इस्तीफा :** आइसीएस का मकसद था ब्रिटिश साम्राज्य को लंबे समय तक बनाये रखना। ताज्जुब नहीं कि सुभाष चंद्र बोस ने आइसीएस से दो-तीन दिनों में ही इस्तीफा दे दिया। जब उनके बड़े भाई शरत बोस ने उन्हें लिखा कि पिताजी चाहते हैं, वे सेवा में बने रहें, तो सुभाष ने दो टूक जवाब दिया, मैं ब्रिटिश साम्राज्य के प्रति वफादारी की शपथ नहीं ले सकता।

**विस्तृत हुआ दायरा :** स्वाधीनता के बाद बिना किसी बहस के पूरे औपनिवेशिक ढांचे को न सिर्फ ले? लिया गया, बल्कि उसे और शक्तियां दे दी गयीं। प्रशासन के जरिये विकास की अवधारणा बनी, जिससे नौकरशाही का दायरा और विस्तृत हो गया। राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री के रूप में नौकरशाही का वर्णन इन शब्दों में किया था: हमारे पास सरकारी सेवक हैं जो सेवा नहीं करते हैं बल्कि गरीबों और कमजोरों को सताते हैं... उनका एकमात्र सरोकार समाज की कीमत पर अपना निजी कल्याण करना है। दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग ने इसी तरह की बातें कहीं।

**अफसरी सोच है समस्या :** लोकतंत्र का उद्देश्य आम आदमी का सशक्तीकरण है। लेकिन होता है उल्टा। यह सिर्फ भारत मे ही है कि केवल एक परीक्षा पास कर कोई भी सत्ता के शीर्ष पर पहुंच जाता है। इसका गुरूर भी रहता है कि उन्होंने सबसे कठिन परीक्षा पास की है। पूजा ने जो किया वह उस सिंड्रोम का अतिरंजित रूप है। पूजा जैसी सोच और प्रवृत्ति वाले न जाने कितने अफसर होंगे, जिनके कारनामे सामने नहीं आए हैं। जरूरत यह समझने और समझाये जाने की है कि सत्ता ट्रस्ट है, अपना महत्व दिखाने का जरिया नहीं।

**(लेखक वरिष्ठ टीवी पत्रकार हैं।)**

लोकतंत्र का उद्देश्य आम आदमी का सशक्तीकरण है। लेकिन होता है उल्टा। यह सिर्फ भारत मे ही है कि केवल एक परीक्षा पास कर कोई भी सत्ता के शीर्ष पर पहुंच जाता है। इसका गुरूर भी रहता है कि उन्होंने सबसे कठिन परीक्षा पास की है। पूजा ने जो किया वह उस सिंड्रोम का अतिरंजित रूप है। पूजा जैसी सोच और प्रवृति वाले न जाने कितने अफसर होंगे, जिनके कारनामे सामने नहीं आए हैं। जरूरत यह समझने और समझाये जाने की है कि सत्ता ट्रस्ट है, अपना महत्व दिखाने का जरिया नहीं।

## देश-विदेश की खबरें

### मोदी दूसरी बार जेलेंस्की से मिले, कहा

# जल्द सीजफायर का रास्ता निकले



**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका दौरे के तीसरे दिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। 32 दिन के भीतर ये दोनों नेताओं की दूसरी मुलाकात रही। मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन दौरे पर जेलेंस्की से मिले थे। मोदी ने न्यूयॉर्क में जेलेंस्की से मुलाकात की तस्वीर पर पोस्ट की। उन्होंने लिखा- हम द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए यूक्रेन दौरे पर हुए फैसलों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बताया कि मोदी ने जेलेंस्की से कहा है कि वे कई देशों के नेताओं से रूस-यूक्रेन जंग को लेकर बात करते रहते हैं। सबका मानना है कि जल्द सीजफायर का रास्ता खोजना चाहिए। जेलेंस्की ने जंग रोकने के लिए किये जा रहे प्रधानमंत्री मोदी की प्रयासों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। जेलेंस्की ने मोदी के यूक्रेन यात्रा की भी सराहना की। पीएम मोदी मंगलवार को वापस भारत लौट आये। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार रात को संयुक्त राष्ट्र संघ की जनरल असेंबली के समिट ऑफ द फ्यूचर को संबोधित किया। लगभग 4 मिनट के भाषण में ढट मोदी ने दुनिया के सुरक्षित भविष्य को लेकर भारत का पक्ष रखा। उन्होंने यूएन से विश्व की बड़ी संस्थाओं में बदलाव की मांग की। मोदी ने कहा कि मानवता की सफलता मिलकर काम करने में है। जंग के मैदान में नहीं। दुनिया की शांति के लिए वैश्विक संस्थाओं में बदलाव जरूरी हैं।

## इजरायल ने बेरूत पर किया बड़ा हवाई हमला हिजबुल्लाह कमांडर को मार गिराने का दावा

**बेरूत/जेरूसलम (एजेंसी)।** इजरायल ने मंगलवार दोपहर बाद बेरूत पर बड़ा हवाई हमला किया है। इससे हिजबुल्लाह पर दबाव बढ़ गया है। लेबनान के दो सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि मंगलवार को इजरायली हवाई हमले में बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में एक हिजबुल्लाह कमांडर भी ढेर हो गया है। इजरायल ने लगातार दूसरे दिन लेबनान की राजधानी में हिजबुल्लाह-नियंत्रित क्षेत्रों पर हमला किया। हालांकि सूत्रों ने यह पहचानने से इनकार कर दिया कि हमले में किसे निशाना बनाया गया। वहीं इजरायली सेना ने कहा कि उसने बेरूत में लक्षित हमला किया है, लेकिन कोई विवरण नहीं दिया। आमतौर पर व्यस्त रहने वाले घोबैरी इलाके में एक इमारत को हवाई हमले में निशाना बनाया गया। सुरक्षा सूत्रों में से एक ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें पांच मंजिला इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल को हुआ नुकसान दिख रहा है।

### केंद्रीय मंत्री ने दिल्ली में किसान और किसान संगठनों से संवाद की शुरुआत की

# किसानों से कई सुझाव मिले, वर्कआउट कर हल करने का प्रयत्न करेंगे : शिवराज चौहान

**पराली प्रबंधन को लेकर कई अनुसंधान हुए हैं, पराली जलानी नहीं पड़ेगी, काट कर पराली का वेस्ट, वेस्ट नहीं वेल्थ बन जाता है: केंद्रीय मंत्री**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसान और किसान संगठनों से संवाद के क्रम की आज दिल्ली में शुरुआत की। श्री चौहान ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है और किसान की सेवा हमारे लिए भगवान की पूजा है। उन्होंने कहा कि पिछली बार जब 100 दिन की उपलब्धियों की चर्चा मैं कर रहा था, तब यह तय किया था कि हर मंगलवार को किसान या किसान संगठनों से मिलने का क्रम प्रारंभ करूंगा क्योंकि कई बार ऑफिस मैं बैठकर समस्याएं समझ में नहीं आती हैं। जिनकी समस्याएं हैं, उनसे सीधे संवाद करना, चर्चा करना और कोई विषय आये तो उसका समाधान करना यह हमारा कर्तव्य है। संवाद के दौरान कृषि मंत्रालय व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) के अधिकारी भी शामिल थे।

केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार काम हो रहा है। कृषि जगत से जुड़ी अनेक योजनाएं पिछले 10 वर्षों में लागू की गयी हैं और ये क्रम जारी है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में अभी तक 7 बड़ी योजनाएं मंजूर की गयी हैं। इन योजनाओं पर केंद्र सरकार 15 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। डिजिटल कृषि मिशन के लिए 2817 करोड़ रुपये दिये जायेंगे और टेक्नालाजी द्वारा कृषि सुधार जारी रहेंगे। किसानों व देश हित में फैसले लिए जा रहे हैं, किसानों के साथ मिल-बैठकर उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास जारी है।

शिवराज सिंह ने कहा कि आज मैंने अलग - अलग किसान संगठनों से बातचीत आरंभ की है। आज लगभग 50 किसान नेताओं से भेंट की, उनके अनेकों सुझाव हमें मिले हैं, उनमें कुछ फसलों के मूल्य से संबंधित हैं और कुछ फसल बीमा योजना के बारे में हैं। कुछ सुझाव अवारा पशुओं की समस्या और उनके कारण होने वाले नुकसान के बारे में भी हैं। उन्होंने कहा कि नयी फसल आने पर कौन से फैसले होने चाहिए, उसके बारे में भी अनेक सुझाव आये हैं। उन्होंने कहा है कि अधिकारियों के साथ बैठ कर सभी सुझावों पर तत्काल गंभीरतापूर्वक से वर्कआउट करेंगे और वर्कआउट करके जो हो सकता है, वह करने का पूरा प्रयत्न करेंगे। किसानों की भलाई, उनके उत्थान के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। श्री चौहान ने कहा कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में किसान संगठनों से चर्चा हुई है और मोदी सरकार के कई निर्णयों की किसानों ने प्रशंसा की है। उन्होंने कहा है कि पाम ऑयल पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ा कर 27.5% इफेक्टिव हो गयी, बासमती से मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस हटा दी है, प्याज के निर्यात के लिए एक्सपोर्ट ड्यूटी 40% से घटाकर 20% की गयी, वैसे ही तुअर, उड़द और मसूर सरकार पूरी खरीदेगी आदि हाल ही में लिये गये कई फैसलों की किसानों ने प्रशंसा की।

चौहान ने कहा कि किसान से जो संवाद हमने प्रारंभ किया है, वह सबके मन को भाया है यह संवाद लगातार जारी रहेगा। हमारे अपने किसानों से हम बात भी करेंगे और उनकी समस्याओं का ईमानदारी से समाधान करने का प्रयास भी हम करेंगे। उन्होंने पराली प्रबंधन को लेकर कहा कि कई अनुसंधान हुए हैं, मशीनें भी बनी हैं, किसानों को पराली जलानी नहीं पड़ेगी, काट कर पराली का वेस्ट, वेस्ट नहीं वेल्थ बन जाता है। उसका भी हम बेहत्तर उपयोग करेंगे, अवेयरनेंस क्रिएट कर किसानों को कन्वेंस

# जम्मू-कश्मीर में सेकेंड फेज की 26 सीटों पर वोटिंग आज

**उमर अब्दुल्ला 2 सीटों से चुनाव लड़ रहे, पहले फेज में 61% मतदान हुआ था**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में बुधवार (25 सितंबर) को 6 जिलों की 26 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। इसमें 25.78 लाख मतदाता वोट डाल सकेंगे। सेकेंड फेज की 26 सीटों में से 15 सीटें सेंट्रल कश्मीर और 11 सीटें जम्मू की हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, दूसरे फेज में 239 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 233 पुरुष और 6 महिलाएं हैं।

दूसरे फेज में 131 कैंडिडेट्स करोड़पति और 49 पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने अपनी संपत्ति केवल 1,000 रुपए घोषित की है। पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला गांदरबल और बीरवाह से चुनाव लड़ रहे हैं। उमर लोकसभा चुनाव में बारामुला सीट तिहाड़ जेल से चुनाव लड़े इंजीनियर राशिद से हार गए थे। इस बार भी गांदरबल सीट पर उनके खिलाफ जेल में बंद सरजन अहमद वागे उर्फ आजादी चाचा मैदान में हैं। 18 सितंबर को पहले फेज में 7 जिलों की 24 विधानसभा सीटों के लिए वोटिंग हुई। इस दौरान 61.38% मतदान हुआ। किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा 80.20% और पुलवामा में सबसे कम 46.99% वोटिंग हुई।

### यूपी में योगी सरकार का निर्देश

# दुकान-रेस्टोरेंट पर मालिक का नाम लिखना अनिवार्य

**होटल-ढाबों के कर्मियों की होगी पुलिस जांच**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के विभिन्न जिलों में खाने-पीने के सामानों में गंदगी मिलाये जाने पर बड़ा फैसला लिया है। यूपी सरकार ने खाने की दुकानों पर दुकानदार का नाम लिखना अनिवार्य कर दिया है। इससे पहले भी योगी सरकार ने सावन में कांवड़ रूट पर खाने-पीने की दुकानों पर मालिक का नाम लिखने का आदेश जारी किया था। हालांकि सरकार के इस फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यह आदेश दिया। उन्होंने कहा- खाने-पीने की चीजों में मानव अपशिष्ट मिलाना वीभत्स है। यह कतई बर्दाश्त नहीं। ऐसा करने पर कठोर कार्रवाई होगी। मंगलवार को योगी ने खाद्य विभाग के साथ बैठक की।

सीएम ने कहा कि प्रदेश के सभी होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट की गहन जांच की जाये। हर कर्मचारी का पुलिस वेरिफिकेशन किया जाये। उन्होंने खाने की चीजों की शुद्धता के लिए खाद्य सुरक्षा अधिनियम में आवश्यक संशोधन के निर्देश भी दिये हैं। सरकार के नये आदेश के मुताबिक खान-पान के केंद्रों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर का नाम और पता डिस्प्ले करना अनिवार्य होगा। रेस्टोरेंट में सीसीटीवी लगाने होंगे। इसके अलावा कर्मचारियों को मास्क-ग्लव्स पहनना जरूरी होगा।

# कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया पर जमीन घोटाले का केस चलेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ जमीन घोटाले से जुड़े मामले में केस चलेगा। कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने मंगलवार को कहा- 'याचिका में जिन बातों का जिक्र है, उसकी जांच जरूरी है। केस में मुख्यमंत्री का परिवार शामिल है, इसलिए याचिका खारिज की जाती है।' राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 16 अगस्त को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत सिद्धारमैया के खिलाफ केस चलाने की अनुमति दी थी। सीएम ने 19 अगस्त को इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी। मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी, साले और कुछ अधिकारियों के खिलाफ शिकायत की गयी है। एक्टिविस्ट टीजे अब्राहम, प्रदीप और स्नेहमयी कृष्णा का आरोप है कि सीएम ने मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मिलकर महंगी साइट्स को धोखाधड़ी से हासिल किया। सिद्धारमैया की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी और प्रो रविवर्मा कुमार पेश हुए। राज्यपाल की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पैरवी की।

# कल्पना सोरेन का गढ़वा में रोड शो, उमड़े लोग


रोड शो में शामिल कल्पना सोरेन और अन्य मंत्री।

**जगह-जगह भव्य स्वागत, फूलों की हुई बरसात**

**गढ़देवी मंदिर में की पूजा अर्चना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मईयां सम्मान यात्रा के दौरान गढ़वा पहुंची गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को गढ़वा में रोड शो किया। इस दौरान रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर में बजरंगबली का आशीर्वाद लेते हुए मां गढ़देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। रोड शो में गढ़वा वासियों की जन सैलाब उमड़ पड़ी। जगह-जगह पर विभिन्न संगठनों के लोगों ने स्वागत किया। इससे पूर्व सभी मंत्रियों ने टाउन हॉल स्थित नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा, चिनियां मोड़ स्थित वीर बाबा चौहरमल, महारानी अहिल्याबाई होलकर, भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर, बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर, रंका मोड़ स्थित इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रंका मोड़ से खुली जीप में मेन रोड से रोड शो करते हुए सभी मां गढ़देवी मंदिर पहुंचे। वहां पूजा अर्चना करने के बाद मंझिआव मोड़ पर अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने स्वागत किया। रास्ते में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी, नाई समाज, खेल संघ, पाल समाज, पासवान समाज, झामुमो महिला मोर्चा आदि संगठनों के लोगों ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप अध्यक्ष शांति देवी, निवर्तमान नप अध्यक्ष पिंकी केशरी, अनिता दत्त, अराधना सिंह, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, अनिता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सबसे विकसित जिला बनेगा गढ़वा : मिथिलेश

**हेमंत को जिताइए और पैसा बढ़ायेंगे : बेबी देवी**

**सरकार आपके जीवन को आसान बनाने के लिए है प्रयासरत : दीपिका पांडेय**

**बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में चौपाल का आयोजन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मईयां सम्मान यात्रा के दौरान शहर के कल्याणपुर स्थित बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में चौपाल का आयोजन। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त की। चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी, कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री दीपिका सिंह पांडेय एवं मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का ढोल, नगाड़े के साथ लोगों ने पुष्प गुच्छ देकर, माला पहना कर भव्य स्वागत किया।

महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग **मंत्री बेबी देवी ने कहा कि** मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना से सभी बेटी, बहन जुड़ें। सभी माता बहनें अपने बच्चों को अच्छी तरह से पढ़ायें और आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि अगली बार फिर हेमंत सोरेन की सरकार बनाइए और पैसा बढ़ायेंगे।

कृषि, पशुपालन और सहकारिता **मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि** मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जिस तरह से अपने क्षेत्र का विकास किया है, यह उनसे सीख लेने की बात है। उन्होंने कहा कि मईयां सम्मान यात्रा ऐतिहासिक है। इस यात्रा से झारखंड में महिलाओं के लिए नया अध्याय जुड़ेगा।

गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग **मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि** राज्य का चहुंमुखी विकास करना ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संकल्प है। मंत्री ने कहा कि जब वे पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री बने थे, तब राज्य के साढ़े चार प्रतिशत घरों में ही शुद्ध पेयजल उपलब्ध था। आज पूरे राज्य में 54 प्रतिशत से अधिक घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचा दिया गया है। गढ़वा में बिजली, पानी की समस्या दूर हो गई है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में गढ़वा सबसे विकसित जिला बनेगा।

मौके पर अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सोगरा बीबी, रंजना जायसवाल, दीपमाला, रीता केशरी, सुधा केशरी, सोनी देवी, कौशल्या देवी आदि ने भी विचार व्यक्ति की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, पिंकी केशरी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, अनिता दत्त, भवनाथपुर जिप सदस्य रंजनी शर्मा, कंचन साहू सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा से परिवर्तन होना तय : अलखनाथ

**वर्तमान सरकार झूठ बोलने और झूठे वादे करने के सिवाय कोई काम नहीं किया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा रंका विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आयोजित परिवर्तन यात्रा के आयोजन के बाद अलखनाथ पांडेय ने कहा है कि झारखंड में झूठ और फरेब की सरकार है। वर्तमान सरकार में झूठ बोलने और झूठे वादे करने के सिवाय कोई काम नहीं किया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही सुशासन और विकास का कार्य हो सकता है। झारखंड में माफिया गिरी गुंडागर्दी और जमीन माफिया चरम पर है।

उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी तो राज्य की तस्वीर बदल जायेगी। राज्य में जहां भी भाजपा की सरकार है, वहां की व्यवस्था बहुत ही दुरुस्त है। झामुमो की सरकार राज्य की जनता से झूठे वादे करके जनता को भ्रमित कर-के सता में आई है। चुनाव के दौरान किये गये एक भी वादे को वर्तमान सरकार के द्वारा पूरा नहीं किया गया है। अलखनाथ पांडे ने कहा कि झारखंड राज्य की जनता बस इसी इंतजार में बैठी हुई है कि कब चुनाव हो और इस झूठ फरेब और भ्रष्टाचारी सरकार को इस राज्य से उखाड़ कर फेंका जाये।

# गिरिनाथ सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं को बूथ जीतो चुनाव जीतो का दिया मूल मंत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** लातदाग बीएड कॉलेज में पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह द्वारा मंगलवार को प्रखंड के उत्तरी तथा दक्षिणी मंडल के बूथ स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यशाला का शुभारंभ पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, जीप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, सुरेश गुप्ता, मकसूद अंसारी, कुंती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कार्यकर्ताओं को बूथ जीतो चुनाव जीतो का मूलमंत्र दिया। उन्होंने सभी कोआपस में समन्वय बनाकर काम करने पर बल दिया। श्री सिंह ने कहा कि वर्तमान तथा पूर्व के जन प्रतिनिधियों के कार्यकाल में विकास कम तथा लूट खसोट, भ्रष्टाचार एवं अपराध चरम सीमा पर पहुंच गया है। जिसके खिलाफ विगुल फूंका जा चुका है।गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में विगत चार महीनो से परिवर्तन यात्रा में लोगों का अपार समर्थन व सहयोग मिल रहा ह, जिससे मैं अभीभूत हूं तथा परिवर्तन के प्रति मेरा हौसला बढा है। गिरिनाथ सिंह ने कहा कि विगत 15 वर्षों में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में जो काम हुआ है वह आप लोगों से छुपा हुआ नहीं है, गरीब असहाय तथा जरूरतमंद लोगों का सुनने वाला कोई नहीं है, पूरे क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम पर है। कार्यक्रम को उपरोक्त के अलावे मंडल अध्यक्ष दुखन चौधरी, राम अवतार राम, अवध किशोर सिंह, सुरेश केसरी, लाल सिंह, सुनील चंद्रवंशी, लालनी यादव, हरिकिशन मेहता, युवा प्रखंड अध्यक्ष डॉ इलियास अंसारी, लाली कुमारी सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

## जायंट्स सेवा सप्ताह का समापन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के 52वें स्थापना दिवस 17 सितम्बर के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह के पश्चात जायन्ट्स परिवार गढ़वा का संयुक्त समापन समारोह जायन्ट्स अध्यक्ष कमलेश गुप्ता की अध्यक्षता में मेलोडी मंडप के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों रेडक्रॉस चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, रेडक्रॉस के सचिव एवं प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन उपाध्यक्ष मनोज केशरी रूपा गंजी, फेडरेशन पदाधिकारी नंदकुमार गुप्ता ग्रुप अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, सहेली अध्यक्ष रंजना जायसवाल और यंग जायन्ट्स उपाध्यक्ष देव केशरी द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के अंत मे फेडरेशन 8 यूनिट 2 के डायरेक्टर सह जायन्ट्स आस्था के पूर्व अध्यक्ष डॉ अशोक सोनी के पिता जी के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का शोक रखा गया, ततपश्चात कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गयी। कार्यक्रम में जायन्ट्स के पूर्व अध्यक्ष दीपक तिवारी, बिनोद गुप्ता, ध्रुव केशरी, मनोज केशरी हिंदुस्तान सेनेटरी, मोजिबुद्दीन खान, अशोक केशरी आदि लोग उपस्थित थे।

## बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी में नये सत्र के छात्र-छात्राओं का ओरिएंटेशन एंड इंडक्शन प्रोग्राम का हुआ शुभारंभ



गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी में नए सत्र के छात्र एवं छात्राओं का ओरियंटेशन एंड इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० डॉ एमके सिंह और इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ पंकज कुमार के द्वारा सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि प्रो डॉ एमके सिंह ने अपने अभीभाषण में छात्र और छात्राओं को आज के बदलते युग में नई तकनीकी, ऊर्जा संचार, उद्देश्य, व्यक्तित्व और पहचान के बारे में ज्ञानवर्धक जानकारी साझा किया। साथ ही साथ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ० पंकज कुमार के द्वारा आज के तकनीकी शिक्षा को प्राचीन माइथॉलजी के तकनीक को जोड़कर नए शिक्षा का ज्ञान प्रदान किया। इस कार्यक्रम के मंच का संचालन प्रो राजीव कुमार सिंह एवं प्रो नीतू सिंह के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में केसरी कुमार, सुयश श्री राजवंश, आकाश कुमार, सुमित आनंद सौरभ अधिकारी, अनिमेष चौबे, रोहित कुमार, कमलेश तिवारी, शैलेंद्र गुप्ता, शुभेंदु देवनाथ, मुकेश कुमार सिंह, राकेश सिंह, रवि आदि उपस्थित रहे।

# भवनाथपुर प्रखंड में आंगनबाड़ी केंद्र पर मात्र एक महिला पर्यवेक्षिका, बाल विकास परियोजना बेहाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत बाल विकास परियोजना का हाल बेहाल हो चुका है। इस परियोजना अंतर्गत तीन प्रखंड आते हैं, जिसमें भवनाथपुर में 65 आंगनबाडी केंद्र, केतार प्रखंड में 50 आंगनबाड़ी केंद्र तथा खरौंधी प्रखंड में 50 आंगनबाड़ी केंद्र सहित तीनों प्रखंडों में कुल 165 आंगनबाड़ी केंद्र पर विभाग द्वारा एकमात्र महिला पर्यवेक्षिका की नियुक्ति किया गया है, जबकि 165 केंद्र पर सात सेक्टर हैं। सभी सेक्टर पर एक-एक पर्यवेक्षिका का होना जरूरी है, जो सरकार का गाइडलाइन भी है। विभागीय लापरवाही के चलते आरटीई पोषाहार का वितरण अभी मई माह का किया जा रहा है, साथ हीं एचसीएम का भी भुगतान मई माह तक का ही किया जा चुका है। सेविका, सहायिका का मानदेय भुगतान अप्रैल से ही बाकी है।

**क्या कहना है, प्रभारी सीडीपीओ** का भवनाथपुर बाल विकास परियोजना अंतर्गत तीनों प्रखंड में संचालित कुल 165 आंगनबाड़ी केंद्रों पर एकमात्र महिला प्रवेक्षिका नियुक्त किए जाने के सवाल पर बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ नंदजी राम ने कहा कि महिला प्रवेक्षिका की कमी के चलते आंगनबाड़ी केंद्रों की निरीक्षण एन अन्य जरूरी कार्य पूरी तरह से चरमरा गयी है। बाल विकास परियोजना में अन्य महिला प्रवेक्षिकाओं की नियुक्ति हेतु गढ़वा उपायुक्त को पत्राचार किया गया है, जल्द ही उनकी नियुक्ति की जायेगी।

# जनता का आशीर्वाद मिला तो क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करूंगा: डॉ एमएन खान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** रंका प्रखंड के दूधवाल पंचायत के सैकड़ों लोगों ने एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों को एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी डॉ एमएन खान ने पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर डॉक्टर एमएन खान ने कहा कि लगातार एआईएमआईएम पार्टी की जनाधार बढ़ रही है। हमेशा इस पार्टी से लोग जुड़ रहे हैं। इस इस बार यहां की जनता पूरी तरह एआईएमआईएम को समर्थन देने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें जनता का आशीर्वाद मिला तो वे गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के चहुमुखी विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में एआईएमआईएम का परचम लहराएगा। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों ने कहा कि वे एआईएमआईएम के नीति और सिद्धांतो से प्रभावित होकर वे लग इस पार्टी का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान की झारखंड सरकार एक भी वादा करने में सफल नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दिला सका। यह झूठी सरकार है। उसी तरह एआईएमआईएम के जितने के बाद विधान सभा में छात्र, नवजवान किसान, माता, बहनो, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि से संबंधित मुद्दा को उठाया जायेगा।

# रांची में बिरसा मुंडा एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित होंगे तिरंगा वाले शौकत खान

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** अपने अनोखे और निस्वार्थ सेवा कार्यों से देश भर में गढ़वा का नाम रौशन करने वाले राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजक सह अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान एक बार फिर रांची के होटल रेडिसन ब्लू में बिरसा मुंडा एक्सीलेंस अवॉर्ड से नवाजें जायेंगे।

बताते चलें कि समाजसेवी शौकत खान ने हर घर तिरंगा का अलख जगाने वाले और भारतीय सेना, झारखंड पुलिस, और शहीदों के सम्मान में राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह आयोजित कर दो लाख से अधिक नागरिकों को तिरंगा भेट कर भारतीय सेना के मनोबल को बढ़ाने वाले शौकत से बन चुकें तिरंगा वाले शौकत खान सेवा के क्षेत्र में दस वर्षों का लंबा सफर तय कर इतिहास रच दिया है। शौकत खान ने गढ़वा जिले के गरीबों के लिए रहनुमा के रुप में जाने जाते है। शौकत ने लगातार दस वर्षों से प्रतिदिन गरीबों के लिए निःशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक खोलकर दस लाख से अधिक गरीबों को मदद कर और देश भर में हजारों जगहों पर निःशुल्क कपड़ा बैंक खोलवाकर सेवा के छेत्र में अपना अनोखा परचम लहरा चुके हैं।

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
(CIN : U40108JH2013SGC001702)
Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi – 834004,
Email:- gmrevenue2022@gmail.com,

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

Due to unavoidable circumstances, tender floated vide NIT No. **54/PR/JBVNL/2024-25** for selection of consultancy firm for Supporting JBVNL in Monitoring and Implementation Support at HQ Level for Metering Billing and Collection MBC Related Systems and Processes Continuous assistance in Commercial related system Improvement and Continuous Regulatory Assistance in all Regulatory Matters is hereby cancelled.

Call Center 24 x 7
18003456570 / 18001238745
Centralised Complain NO. 1912

PR No. 330552

Sd/-
General Manager (Revenue)

PR 336904 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)24-25*D

# थाना में झूलता मिला चाकू से हमला करने के आरोपी का शव

**पुलिस ने फांसी लगाने की बात कही, ग्रामीणों ने पीटकर मार डालने और शव को लटकाने का लगाया आरोप**

**अभियुक्त की मौत बाद ग्रामीणों ने थाना का घेराव और पथराव किया पुलिस ने लाठी चार्ज किया, लाठी चार्ज में कई पुलिसकर्मी, ग्रामीण और पत्रकार भी हुए घायल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई(गढ़वा)।** गढ़वा जिला के डंडई थाना क्षेत्र के जरही गांव निवासी 50 वर्षीय बच्चा भुइयां पिता बालकेसर भुइयां की डंडई थाना के हिरासत में मौत हो गयी। मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना का घेराव किया। इस दौरान ग्रामीण डंडई लवाही मुख्य सड़क को जाम कर दिया एवं थाना गेट के सामने धरने पर बैठ गये। थाना घेराव के दौरान भीड़ काफी आक्रोशित थी। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने थाना परिसर के अंदर घुसने का प्रयास कर रहे थे। बवाल को देखते हुए थाना कर्मियों द्वारा किसी तरह मुख्य गेट को बंद कर दिया गया। तब जाकर ग्रामीण थाना गेट के सामने मुख्य सड़क पर धरने पर बैठ गए। इस दौरान पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद, डंडई थाना पुलिस होश में आओ, बच्चा भुइयां को जिंदा वापस दो, थाना में पिटाई करना बंद करो, थाना में मनमानी नहीं चलेगी, पुलिस प्रशासन होश में आदि के नारे लगा रहे थे। इसके बाद कुछ ग्रामीणों ने थाने पर पथराव कर दिया। थाना परिसर में खड़े पुलिस वाहन को छतिग्रस्त कर दिये जाने की भी सूचना है। इसके बाद पुलिस द्वारा लाठीचार्ज कर दिया गया, जिसमें पुलिस के जवान और ग्रामीण दोनों पक्षों के लोग चोटिल हुए हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार 20 सितंबर को सुबह 7 बजे नशे की हालत में बच्चा भुइयां द्वारा गांव के ही हीरा साव के 35 वर्षीय पुत्र धनंजय साव के पेट में चाकू से हमला कर दिया था। हमले के बाद धनंजय साव गंभीर रूप से घायल हो गया था। साथ ही धनंजय के बेहतर इलाज हेतु चिकत्सकों ने रांची रेफर कर दिया गया था। इसी बीच ग्रामीणों कि सूचना पर पहुंची डंडई पुलिस द्वारा बच्चा भुइयां को तत्काल गिरफ्तार कर थाना लाया गया था। वहीं डंडई पुलिस के अनुसार चाकू मामले में किसी तरह कि आवेदन नहीं मिलने के बाद उसे छोड़ दिया गया था। पुनः हीरा साव द्वारा चाकू मामले में सोमवार को बच्चा भुइयां के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया था। उसके बाद बच्चा भुइयां को सोमवार करीब 5.30 बजे गिरफ्तार कर थाना लाया गया था। इसी दौरान थाना के बाल मित्र कक्ष के खिड़की में गमछा के सहारे उसका शव लटकता हुआ मिला। थाना प्रभारी ने इसकी सूचना अपने ऊपर के पदाधिकारी को दी। इसके बाद मजिस्ट्रेट की देखरेख में शव को खिड़की से उतार कर पोस्टमार्टम हेतु गढ़वा भेज दिया गया। इधर परिजनों को जब इसकी सूचना मिली कि बच्चा भुइयां की थाना हिरासत में मौत हो गई है तो परिजन सहित जरही के ग्रामीण आक्रोशित होकर थाना पहुंच हंगामा करने लगे। मामले में मृतक बच्चा भुइयां की पत्नी बसंती देवी, पुत्री पूजा देवी, पुत्र मंदिस कुमार भुइयां, छोटू कुमार भुइयां, परिजन सुखदायल भुइयां , रंजन कुमार, तेतर भुइयां, एस कुमार भुइयां, लगन, रामनाथ, धंजू, सुरेंद्र, अशोक भुइयां, कुंती देवी आदि ने बताया कि 20 सितंबर दिन शुक्रवार को सुबह करीब 7 बजे के आसपास बच्चा भुइयां नशे में जरही गांव निवासी धनंजय साव के पेट में चाकू घोंप दिया था। चाकू से हमला करने के बाद बच्चा भुइयां वहीं पर बैठ गया। इसके बाद पुलिस बच्चा भुइयां को गिरफ्तार कर थाना ले जाया गया था। गिरफ्तारी के बाद उसे चार दिन तक थाना में ही रखा गया। इसी दौरान थाना में उसे भरपेट खाना भी नहीं दिया गया एवं उसे बेरहमी से पीटा गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। बाद में पुलिस प्रशासन द्वारा थाना में फांसी लगाने कि बात कही गयी। साथ ही बिना किसी परिजन को सूचना दिए ही बिना इजाजत के पुलिस प्रशासन द्वारा पोस्टमार्टम हेतु शव को गढ़वा भेज दिया गया। वहीं घटना का अनुसंधान करने पहुंचे एसडीपीओ नीरज कुमार ने बताया कि जरही निवासी हीरालाल साव द्वारा सोमवार को चाकू मामले में एफआईआर दर्ज करायी गयी थी।

**कार्यालय-प्रमंडलीय प्रबन्धक, लघु वन पदार्थ परियोजना**
**प्रमण्डल हजारीबाग**
dm.haz_jsfdc@yahoo.in

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निगम मुख्यालय राँची के निर्देशानुसार वर्ष 2024 के लिए हजारीबाग प्रमण्डल अन्तर्गत प्रयोक्ता अभिकरण एवं अन्य से प्राप्त लकड़ियों को चरही/कर्माला/चौपारण/झुमरा वनागारों में भंडारित सखुआ, शीशम, हार्ड उड, सॉफ्ट उड, जलावन, खैर, पोल, खूँटा एवं अन्य विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठों की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमंडलीय कार्यालय, हजारीबाग से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता है। वनागारों में आम नीलामी की तिथि अगले तीन माह के लिए निम्नवत् निर्धारित की जाती है।

| वनागार का नाम | अक्टूबर 2024 | नवम्बर 2024 | दिसम्बर 2024 |
|---|---|---|---|
| चरही वनागार | 16.10.2024 | 13.11.2024 | 11.12.2024 |
| कर्मषाला वनागार | 16.10.2024 | 13.11.2024 | 11.12.2024 |
| झुमरा वनागार | 23.10.2024 | 20.11.2024 | 18.12.2024 |
| चौपारण वनागार | 30.10.2024 | 27.11.2024 | 26.12.2024 |

PR 336880 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)#D

विश्वासभाजन
प्रमंडलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमंडल, हजारीबाग

## खैरा विकास मंच ने पलामू सांसद को दी बधाई



विश्रामपुर (पलामू)(आजाद सिपाही)। खैरा विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय ने बंदे भारत एक्सप्रेस का पलामू में परिचालन शुरू कराने पर पलामू सांसद विष्णुदयाल राम को बधाई दी है। उन्होंने पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की भूमिका की भी सराहना किया। श्री पांडेय ने कहा कि पलामू में बंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन जब शुरू नहीं हुआ था, तब विरोधी इधर-उधर की बातें करते थे। परिचालन शुरू होते ही सभी किंतु परंतु पर विराम लग गया।

# मंईयां सम्मान योजना ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया: कल्पना सोरेन

**हुसैनाबाद पहुंची मंईयां सम्मान यात्रा, जेएमएम नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** मंईयां सम्मान यात्रा मंगलवार को मोहम्मदगंज और हैदरनगर होते हुए हुसैनाबाद पहुंची। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पत्नी और जेएमएम की विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि वे कौन लोग हैं, जिन्हें झारखंड में विकास नहीं दिखता है, ऐसे लोगों को सबक सिखा देना है। उन्होंने कहा कि योजना किसी धर्म, जाति, व्यक्ति विशेष की नहीं होती है। मंईयां सम्मान योजना ने महिलाओं को मजबूत बनाया है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि वहे अपना समर्थन लोहा लेनेवाले आदिवासी सीएम को दें। उनकी सरकार अनवरत ऐसी योजना चलायेगी, जिससे झारखंड आगे भी खुशहाल होगा।

इससे पहले मंत्री बेबी देवी, मिथिलेश ठाकुर, दीपिका पांडे सिंह के साथ-साथ झामुमो विधायक कल्पना सोरेन हुसैनाबाद पहुंचीं। उनके साथ जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह यात्रा में शामिल थे। यात्रा के मोहम्मदगंज पहुंचते ही जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, जेएमएम नेता एजाज हुसैन, वशिष्ठ कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बाइक से हजारों कार्यकर्ता कल्पना सोरेन और मंत्रियों की अगवानी कर हुसैनाबाद अनुमंडलीय मैदान पहुचे। यहां काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता और आम लोग उपस्थित थे।

सम्मान यात्रा में बोलते हुए मंत्री मिथलेश ठाकुर, दीपिका पांडेय सिंह और बेबी देवी ने भी विपक्ष को घेरा और कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार राज्य के सभी नागरिकों के हित में कार्य कर रही है। राज्य के महिला युवा बुजुर्ग के साथ-साथ सभी के लिए सरकार काम कर रही है। इसी काम के चलते भाजपा के पेट में दर्द हो रहा है।

# भाजपा का संकल्प, ना सहेंगे, ना कहेंगे, बदलकर रहेंगे : अन्नपूर्णा



**राज्य की सरकार आदिवासियों के हित में नहीं, बल्कि परिवार के हित में काम कर रही है: अन्नपूर्णा देवी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर (पलामू)।** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पलामू के छतरपुर में परिवर्तन यात्रा को संबोधित करते हुए हेमंत सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने विधानसभा चुनावों के समय कई वादे किये थे, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया गया है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हेमंत सरकार ने मंईयां सम्मान योजना लाकर बहनों को ठगने का काम किया है और बेरोजगारी भत्ता और नौकरी के वादे पूरे नहीं किये हैं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि राज्य की सरकार आदिवासियों के हित में नहीं, बल्कि परिवार के हित में काम कर रही है। आदिवासी के बेटे चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया गया था, लेकिन जेल से निकलने के बाद हेमंत सोरेन ने एक दिन भी उन्हें सीएम की कुर्सी पर बैठने नहीं दिया। यह कौन सा आदिवासी प्रेम है? उनके लिए परिवार ही सब कुछ है। भाजपा का संकल्प है ना सहेंगे, ना कहेंगे, बदल कर रहेंगे। अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड की जनता से आगामी विधानसभा चुनावों में डबल इंजन की सरकार बनाने का आह्वान किया। छतरपुर में परिवर्तन यात्रा को पलामू सांसद विष्णुदयाल राम, विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार, घुरन राम, श्यामनारायण दुबे, प्रभात कुमार जिला अध्यक्ष अमित तिवारी समेत कई नेताओं ने संबोधित किया।

# पिछड़े इलाकों तक विकास पहुंचाना भाजपा का लक्ष्य : नरेंद्र कुमार पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय ने प्रातः प्रभात फेरी के समय विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा के नावा और उंटारी प्रखंड के करीब आधा दर्जन ग्रामों का दौरा किया। श्री पांडे ने बताया की केंद्र की योजनाएं लंबे समय के निरंतर जनता तक पहुंच रही हैं। लेकिन राज्य सरकार ने विगत पांच वर्षों में खोखले वादों के अलावा अन्य कोई कार्य नहीं किया। आदिवासियों और पिछड़ों का सर्वांगिक विकास वह पार्टी कर सकती है जिसके पास दूरदर्शिता हो। क्षेत्र भ्रमण के दौरान पहाड़ी इलाकों से सटे ग्रामों का दौरा कर कई हरिजन बस्ती में श्री पांडे ने जनसंपर्क साधा। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से मिलकर उन्होंने भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ कैसे उठाया जाए इसके लिए जागरूकता अभियान के तहत कार्यकताओं से आम जनमानस के साथ लगातार संपर्क साधने का सुझाव दिया।

# पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन को संतुलित करने हेतु पौधरोपण जरूरी : रामचंद्र चंद्रवंशी

**विश्रामपुर में 75वां वन महोत्सव का आयोजन, पांच सौ पौधों का किया गया वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता




**विश्रामपुर (पलामू)।** वन पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा मंगलवार को विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी कॉलेज के खेल मैदान में 75वां वन महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मदगंज वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार व संचालन विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन को संतुलित करने हेतु पौधा रोपण बेहद जरूरी है। इसके लिए आमलोगों को आगे आना होगा। प्रत्येक व्यक्ति को प्रति वर्ष दस पौधा लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर में कृषि विश्व विद्यालय खोलने हेतु प्रयासरत हूं,ताकि यहां के बच्चों को कृषि कार्य के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त हो सके। वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि वन महोत्सव आयोजन का मुख्य लक्ष्य पर्यावरण को संतुलित करते हुए बचायें रखना है। कार्यक्रम के दौरान वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी सहित सभी अतिथियों को पौधा देकर सम्मानित किया। आम लोगों के बीच भी पांच सौ पौधा वितरित किया गया। साथ ही अतिथियों द्वारा आरसीआईटी कॉलेज परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,जिला पार्षद विजय रविदास,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,गौरव कुमार, विजय कुमार रवि, अभिषेक कुमार पांडेय, मिथलेश कुमार, रवि प्रकाश गुप्ता,राजू कुमार रंजन, मिथुन कुमार रजक सहित कई लोग मौजूद थे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in


# विधायक कमलेश सिंह ने दी पांच और सड़कों की सौगात

**हुसैनाबाद की पांच सड़कों को मिली स्वीकृति, जल्द होगी निविदा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद विधायक की अनुसंशा पर ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड ने हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज की पांच सड़कों की स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिन सड़कों को स्वीकृति मिली है, उसमे पंचायत कोलहुआ सोनबरसा में बीर धवर पुल से बिहरा पुल तक, ग्राम पंसा महावीर मंदिर से कोयल नदी तक, मंझौली मेन रोड से बरवाडीह हरिजन टोला तक, पंचायत महुअरी नबीनगर मेन रोड से ग्राम बसारी पीडब्लूडी पथ तक व हैदर नगर देवी धाम शिव मंदिर से जमुआ खुर्द होते हुए रतनबीघा तक पथ निर्माण शामिल है। विधायक श्री सिंह ने कहा कि उन्हें अब तक जितनी सड़कों ,पुल पुलिया का प्रस्ताव ग्रामीणों से प्राप्त हुआ, उन्होंने अपने अथक प्रयास से उसे स्वीकृत कराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सभी ग्रामीण सड़कों का निर्माण दुर्गा पूजा तक पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकांश का काम पूरा हो गया है।कुछ सड़कों पर निर्माण का काम चल रहा है। अन्य पर कुछ दिनों में कार्य शुरू हो जायेगा। स्वीकृत पांच सड़कों का जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया होने के बाद कार्य शुरू करा दिया जायेगा। उन्होंने धीमी गति से कार्य कर रहे संवेदकों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है।उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी संबंधित अधिकारियों और ग्रामीणों का धन्यवाद किया और आश्वस्त किया कि वे विकास के इस क्रम को निरंतर आगे बढ़ाते रहेंगे।

# श्राद्धकर्म पर पौधे लगाने से धरती मां और पितरों की अतृप्त आत्मा को मिलती है शांति: डॉ कौशल

**पर्यावरणविद ने गया पितृपक्ष मेले में आये लोगों को पर्यावरण धर्म के तहत पौधा दान कर कहा**

**श्राद्ध में केवल सेजिया दान से नहीं, पौधा दान करने से ही मृतक की आत्मा को मिलेगी शांति : ट्री मैन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत गया श्राद्ध पितृपक्ष मेले में आए लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और कटहल का पौधा दान किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत मृतक के आत्मा की शांति के लिए पिंड पानी देने का और धरती मां के धधकती आत्मा की शांति के लिए पौधा पानी देने का विधान है ।

बनाराखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन डॉ कौशल ने कहा कि उनके द्वारा चलाया गया निशुल्क पौधा वितरण सह रोपण में 58 वर्ष व पर्यावरण धर्म सह बनराखी मूवमेंट के 48 वर्ष पूरा होने के उपरांत इस वर्ष विश्व के पांच देश और देश के 10 राज्यों में दो लाख पौधों का वितरण व रोपण और वृक्षों रक्षाबंधन और पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी के आयोजन करने का निर्णय लिया है। जिसका उद्घाटन 3 जून को अजरबैजान के राजधानी बाकू और 13 अगस्त को थाईलैंड के राजधानी बैंकॉक से किया गया था। इसके बाद मध्य प्रदेश दिल्ली, झारखंड, उत्तर प्रदेश में अभियान चलाकर पौधों का वितरण किया गया । उसी कड़ी में मंगलवार को बिहार के पितृपक्ष मेले में आए लोगों के बीच पौधों का वितरण कर उन्हें पर्यावरण धर्म के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि समय रहते लोग अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म को अपनाकर बढ़ते प्रदूषण, भीषण गर्मी, जल संकट और जलवायु परिवर्तन को नहीं रोका गया तो डायनासोर की तरह मानव का भी जीवन लीला समाप्त हो जाएगा। मौके पर भू नंदन ठाकुर, रितेश कुमार तिवारी, संतान कुमार गुप्ता, पारस नाथ गुप्ता, पार्वती देवी, देवमणिया देवी, डाली पंचायत के पूर्व मुखिया अफजाल अंसारी, सत्य सिंह उपस्थित थे।

## खगड़िया सांसद राजेश वर्मा पहुंचे पलामू स्वर्णकार संघ के लोगों ने की शिष्टाचार मुलाकात



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। बिहार राज्य के खगड़िया सांसद राजेश वर्मा का मेदिनीनगर सर्किट हाउस पहुंचे।उनके आगमन की खबर मिलने पर पलामू जिला स्वर्णकार संघ के जिला अध्यक्ष धनंजय सोनी, प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी, महासचिव अमित वर्मा सहित अन्य लोग सर्किट हाउस पहुंचकर उनसे शिष्टाचार मुलाकात कर अपने समस्या को बताया।मौके पर उपस्थित स्वर्णकार संघ के जिला अध्यक्ष धनंजय सोनी ने उन्हें बताया कि झारखंड राज्य में कानूनी विधि-व्यवस्था चरमरा गयी है। लूट व चोरी की घटनाएं बढ़ गयी है। इस कारण व्यवसायी भयभीत हैं और अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।असुरक्षा के माहौल में व्यवसाय करना मुश्किल हो गया है। उनके बातों को सुनकर सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि वह अपने स्तर से इन सभी समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

## सात गोवंश के साथ एक पशु तस्कर गिरफ्तार

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। पिकप पर लदे आधा दर्जन से अधिक गोवंश के साथ हुसैनाबाद पुलिस ने एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि काजरात नावाडीह स्टेशन रोड से होते हुए दंगवार बस स्टैंड की ओर एक पिकअप गाडी में गोवंशीय पशु लाद कर व्यपार करने हेतु बिहार ले जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए पुअनि सोनु कुमार गुप्ता दंगवार ओपी प्रभारी एवं सशस्त्र बल के साथ ओपी से प्रस्थान किया। बस स्टैंड दंगवार से काजरात नावाडीह स्टेशन रोड मे जाने के क्रम में बस स्टेंड से करीब 500 मीटर अंदर रोड मे पिकअप गाडी को रोका, जिसमें सात गोवंशीय पशु दो गाय, एक गाय का बछडा, एक भैंस तथा तीन भैस का बच्चा लदा पाया। पुलिस ने उक्त वाहन चालक कन्हैया कुमार, ग्राम-चतरा, थाना फेजर, जिला -औरंगाबाद को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में जेल भेजा गया। छापामारी दल दंगवार ओपी प्रभारी सोनु कुमार गुप्ता व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में खुला तंबाकू मुक्ति केंद्र, हुआ ऑनलाइन उद्घाटन




विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में मंगलवार को भारत सरकार द्वारा ऑनलाइन तंबाकू मुक्ति केंद्र उद्घाटन किया गया। मेडिकल कॉलेज के सुप्रीटेंडेन डॉ ओपी श्रीवास्तव ने बताया कि तंबाकू मुक्ति केंद्र मकसद तंबाकू की लत से छुटकारा पाने के इच्छुक लोगों को सहायता और उपचार मुहैया कराना है। इसके अलावा लोगो को तंबाकू के प्रति जागरूक भी किया जायेगा। मौके पर डॉ विजय कुमार, डॉ ज्योतिका श्रीवास्तव, डॉ सरस संचय, डॉ नित्यानंद और डॉ राजीव गुप्ता मौजूद थे।

## स्वच्छता पर ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में किया गया प्रतियोगिता का आयोजन



विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। उमेश सिंह एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित रेहला के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में विश्रामपुर नगर परिषद विश्रामपुर ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। जिसमें स्वच्छता ही सेवा है व स्वच्छता का महत्व विषय पर चित्रकला तथा निबंध प्रतियोगिता कराया गया। बच्चों ने अपने चित्रकला में स्वच्छता का महत्व को बेहतर तरीके से उकेरा। कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खडैत ने बताया कि गांधी जयंती के दिन प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कारों का वितरण किया जायेगा। मौके पर स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह, प्राचार्य मनीष पांडेय, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम,सुमित कुमार, दीपक कुमार, सुबोध केशरी, शिक्षक शैलेश चौबे, प्रवीण प्रसाद, विमलेश यादव, विकास पांडेय, अवनीश चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

# खेलकूद से बढ़ता है आत्मविश्वास : डॉ शशिभूषण मेहता




आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी / पलामू।** कोनवाई हाई स्कूल के प्रांगण मे राज्यस्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष स्वः बाल्मीकि सिंह के याद मे फुटबॉल टूर्नामेंट फाइनल मैच समापन कार्यक्रम का बतौर मुख्यतिथि पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विजेता को 31000 नगद राशि शील्ड तथा उपविजेता को 25000 नगद राशि शील्ड वितरण किया। समापन मैच बंगाल राज्य के कोलकाता बनाम उत्तर प्रदेश के सोनभद्र बीच खेला गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के सोनभद्र ने 1 - 0 से विजय रही` दोनों टीमों मे मैच काफी रोमांचक रहा। इस दौरान विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा की कभी जीत से इतरायें नहीं और हार से घबरायें नहीं, खेल - कूद से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन का एकमात्र उद्देश्य ग्रामीण खेल प्रतिभा को एक बेहतर प्लेटफार्म प्रदान कर उन्हें निखारना है, ताकि भविष्य मे अपनी प्रतिभा का जलवा वे अपने जिला, राज्य और राष्ट्र के लिए बिखेर सके। उन्होंने कहा कि खेल - कूद से आत्म विश्वास बढ़ता है `आयोजित टूर्नामेंट मे स्व : बाल्मीकि सिंह के पत्नी और उनके पुत्र मनीष सिंह और मस्तान सिंह के अलावे मुखिया मंजू देवी, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, श्यामनंदन ओझा, लोरीक सिंह, समाजसेवी बृजदेव सिंह, शैलेन्द्र सिंह, रामचरित्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पटेल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरडीहा (पलामू)।** हाई स्कूल मैदान, बरडीहा में सरदार वल्लभभाई पटेल फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ मंगलवार को किया गया। उद्घाटन समारोह में डइउ एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष और बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय समाजसेवी ब्रह्मदेव बीडी प्रसाद ने फीता काटकर टूर्नामेंट की शुरूआत की। अपने अभिभाषण में उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'खेल हमारे जीवन में अनुशासन, टीम भावना और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है, बल्कि यह युवा पीढ़ी को खेलकूद की ओर आकर्षित कर, उनके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भरता है। मैं आशा करता हूं कि यह टूर्नामेंट आपसी सौहार्द और खेल भावना को बढ़ावा देगा और भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे।'

इस आयोजन में अध्यक्ष देवेंद्र यादव उर्फ पिंटू, सचिव संजय राम, सत्येंद्र पाल, और समाजसेवी आनंद विश्वकर्मा, गोरखनाथ चौधरी, बरुणबिहारी यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के संरक्षण का कार्य नवल किशोर यादव ने किया, जबकि आयोजन समिति के अन्य सदस्यों में शत्रुघ्न पासवान और दया विश्वकर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले का आयोजन 1 अक्टूबर 2024 को होगा, जिसमें विजेता टीम को प्रतिष्ठित ट्रॉफी प्रदान की जायेगी।

## एलसीएम में राष्ट्रीय फार्माको विजिलेंस जागरूकता सप्ताह समारोह संपन्न



बेहतर करने वालों को सम्मानित करते अतिथि।

विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर के एलसीएम कॉलेज में राष्ट्रीय फामाकीविजिलेंस जागरूकता सप्ताह मंगलवार को संपन हो गया। कार्यक्रम में मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ ओपी श्रीवास्तव, डॉ ज्योतिका श्रीवास्तव, डॉ सरस संचय, डॉ नील कुमार, डॉ हरिभूषण, डॉ श्रवणित आदि ने दवा के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव व दुष्परिणाम के संबंध में लोगों को विस्तार से जानकारी दी। यहां बताते चलें कि एलसीएम के फामाकीलॉजी संकाय द्वारा 17 सितंबर से इस संबंध में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का रणधीर वर्मा चौक पर धरना-प्रदर्शन

# मेरे रहते दलितों का हक और अधिकार कोई नहीं छीन सकता है : ढुल्लू महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** अमेरिका में राहुल गांधी के द्वारा आरक्षण को बयान के विरोध में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। सांसद ढुलू महतो ने धरना प्रदर्शन का समर्थन करते हुए कहा कि मेरे रहते दलित समाज का हक और आधिकार कोई नहीं छीन सकता है। राहुल गांधी मानसिक रूप से बीमार की तरह बातें करते हैं। विदेश में आरक्षण विरोधी बात करते हैं और देश में खुद को दलित का हितैषी बताते हैं। कांग्रेस की यह दोहरी नीति नहीं चलने दी जायेगी। डॉ भीम राव अंबेडकर हमारे आदर्श हैं और उनके अनुयायियों के खिलाफ जो भी बोलेगा उसके खिलाफ मोर्चा खोला जायेगा। मुझे सांसद बनाने वालों के लिए मैं हमेशा खड़ा हूं। झरिया में दिनदहाड़े हत्या हो रही है कांग्रेस को इसपर मुंह में दही जमा रखा है। भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि कांग्रेस के नेता दलितों का अपमान करते हैं और चुनाव आने पर उनहीं के दरवाजे से जाकर वोट के लिए गिड़गिड़ाते हैं। अब यह देश और दलित विरोधी मानसिकता नहीं चलने वाली है। झरिया में गरीब के बेटों को हत्या हो रही ओर स्थानीय विधायक मस्त हैं। जबकि उन्हें सामने आकर जवाब देना चाहिए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण जिलाध्यक्ष परेश चंद्र दास ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन महानगर अध्यक्ष रामजीत भुइंया ने किया। संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी ने किया। इस दौरान प्रदेश मंत्री फूल जोशी, नीलम महतो, महानगर अध्यक्ष रामजीत भुइंया, ग्रामीण जिलाध्यक्ष परेश चंद्र दास, समीर बाउरी, शिवप्रकाश कुमार उपस्थित थे।

## जेसीबी ने दिहाड़ी मजदूर को लिया चपेट में, हुई मौत



कतरास (आजापद सिपाही)। मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे कतरास थाना क्षेत्र के तिला टांड स्थित बाघमारा महिला थाना के सामने एक तेज रफ्तार बौराई जेसीबी ने साईकिल सवार दिहाड़ी मजदूर को अपने चपेटे में ले लिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। मौत इतनी भयावह थी कि मृतक के सर से भारी मात्रा में खून और मांस के लोथड़े बाहर निकल आये थे। हलाकि स्थानीय लोगों की तत्परता से जेसीबी मसीन और चालक अजय रवानी को खदेड़कर आकाशकिनारी कांटा के पास से पकड़ लिया गया है सूचना पाकर तुरंत कतरास थानेदार आसित कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुँचे और वाहन सहित चालक को हिरासत में ले लिया तथा शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण हेतु धनबाद एनएमसीएच भेज दिया। वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि काको बस्ती निवासी मृतक तारा नापित (45 वर्षीय ) जितिया पर्व के लिए घर मे मछली और फल-फूल खरीदकर प्रत्येक दिन की भांति दिहाड़ी मजदूरी के लिए साईकिल पर सवार होकर कतरास से भटमुरना की ओर जा रहा था।

## ग्रामीण एकता मंच के अध्यक्ष 29 को अन्न-जल त्याग कर करेंगे सत्याग्रह



धनबाद (आजापद सिपाही)। ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह आगामी 29 सितंबर को जन समस्याओं के संबंध में विभिन्न मुद्दों के खिलाफ दो नंबर स्थित महारानी स्थान पर 24 घंटे अन्न जल त्याग कर सत्याग्रह करेंगे। इस आशय की जानकारी अध्यक्ष रणजीत सिंह ने उपायुक्त को ज्ञापन के माध्यम से दी है। ज्ञापन में विभिन्न चार मुद्दे उठाए गये हैं जिसमें आउटसोर्सिंग कंपनी और बीसीसीएल के द्वारा 12500 वृक्षों की अवैध कटाई, डीजीएमएस के गाइड लाइन के अनुसार रियायशी इलाके के 300 फीट के बाद उत्खनन के नियम का उल्लंघन कर आउटसोर्सिंग द्वारा कार्य करने एवं सरकारी विद्यालय के बगल में उत्खनन करने, बीसीसीएल के द्वारा गोपाली चेक नंबर दो के रियायशी इलाके के बीचो-बीच कोयला डिपो बना देने, उक्त आउटसोर्सिंग कंपनी एसएन आरएसआई वीएसआई (जे वी) एवं बीसीसीएल के पी बी एरिया नंबर 7 के अधिकारियों द्वारा लगभग 150 वर्ष पूर्व स्थापित महारानी स्थान को हटाने की हो रही साजिश को अविलंब रोकने की मांग की गयी है।

## पप्पू सरदार की गलत बयानबाजी से आहत राजेश्वर सिंह का निधन



बोकारो (आजापद सिपाही)। श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पुजा समिति सेक्टर दो के अध्यक्ष स्व राजेशवर सिंह, जिनकी आकस्मिक निधन रविवार को हो गया। उनके निधन के उपरांत पुर्व महासचिव पप्पु सरदार के द्वारा भ्रामक खबर फैलाया जा रहा है। जबकि पप्पु सरदार को 7.09.2024 को ही समिति ने तथ्यहीन बयानबाजी जिसमे अध्यक्ष, जिला प्रशासन एव पुलिस पर पैसा लेने के गलत आरोप लगाने के कारण निष्कासित किया जा चुका है, जिसकी लिखित सुचना 07.09.24 को ही जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को दी जा चुकी है।

## राज्यपाल पहुंचे धनबाद, सर्किट हाउस में जिला प्रशासन ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार मंगलवार की दोपहर दुमका से रांची जाने के क्रम में धनबाद पहुंचे। इस मौके पर राज्यपाल को सर्किट हाउस में जिला प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल के सर्किट हाउस पहुंचने पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, सिटी एसपी अजीत कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। कुछ देर सर्किट हाउस में विश्राम करने के बाद राज्यपाल रांची के लिए प्रस्थान कर गये। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, एसडीओ राजेश कुमार, सिटी एसपी अजीत कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, डीएसपी हेडक्वार्टर 1 शंकर कामती, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर दीपक कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीएसपी ट्रैफिक अरविंद कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, एनडीसी दीपक कुमार दुबे, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी के कुलपति राम कुमार सिंह, अंचल अधिकारी पुटकी विकास आनंद, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## वार्ता में कार्रवाई शुरू करने के बीडीओ सीओ के आश्वासन पर आंदोलन स्थगित

आजादइ सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** पूर्व में किए गये ऐलान के अनुसार मंगलवार को जेएलकेएम की अगुवाई में गांडेय प्रखंड के तेलझारी के कई कोल आदिवासी परिवारों ने पीएम आवास की रोकी गयी दूसरी किस्त के भुगतान को लेकर प्रखंड मुख्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया, जो कई घंटे चलने के बाद बीडीओ-सीओ के साथ हुई वार्ता में समस्या समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई शुरू करने पर फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इस बाबत पूर्व जिप सदस्य और जेएलकेएम नेता राजेश यादव ने बताया कि, 2021 में तेलझारी के भूदान की जमीन पर बसे कई गरीब कोल आदिवासी परिवारों को पीएम आवास मिला था, जिसे बाद में वन भूमि का बताकर उनकी दूसरी किस्त की राशि रोक दी गयी है। जबकि उनकी बसी हुई जमीन का विवरण अंचल के पंजी- 2 में दर्ज है। इसलिए अपनी बसी जमीन पर बन रहे आवास की दूसरी किस्त का भुगतान या फिर उनकी पर्चे की जमीन निकालकर उनको दी जाय, यही मांग है। आंदोलन की अगुवाई श्री यादव के अलावा जेएलकेएम केंद्रीय उपाध्यक्ष जमुना मंडल, केंद्रीय सचिव नागेंद्र चंद्रवंशी एवं केंद्रीय संगठन सचिव हर्षित भदानी, केंद्रीय महासचिव सुरेंद्र यादव, प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र रवानी, प्रखंड सचिव अभिषेक गुप्ता, मनोज यादव, रोहित यादव, रामकिशोर सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष संदीप मंडल, प्रखंड कोर कमेटी के धीरज गोस्वामी आदि कर रहे थे। मंगलवार के आंदोलन में पीड़ित परिवारों के सभी महिला-पुरुषों ने भाग लिया और कहा कि, पीएम आवास का पैसा रुकने से उनके लिए बड़ी मुसीबत हो गयी है। कर्ज लेकर उन्होंने आवास बनाया और पैसा नहीं मिलने से महाजन भी उन्हें परेशान कर रहे हैं। हम परिवार का भरण-पोषण करें या महाजन का कर्ज भरें। प्रखंड से जिला तक दौड़ लगाने के बाद बाध्य होकर धरना पर बैठना पड़ा है। इधर, वार्ता के बाद धरना कार्यक्रम को स्थगित करते हुए जेएलकेएम नेताओं ने कहा कि, स्थानीय प्रशासन के साथ सकारात्मक वार्ता कर कार्रवाई शुरू किए जाने के कारण आंदोलन कुछ दिनों के लिए स्थगित किया जा रहा है। यदि समस्या का हल नहीं निकला तो फिर से आंदोलन शुरू कर दिया जायेगा।

## ममता हैं बांग्लादेशी घुसपैठ की वजह, खतरे में सनातन और आदिवासी संस्कृतिः शुभेंदु अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने बांग्लादेशी घुसपैठ के लिए ममता बनर्जी को जिम्मेदार बताते हुए कहा है कि सनातन और आदिवासी संस्कृति खतरे में है। वह बलियापुर और चंदनकियारी में आयोजित परिवर्तन सभा में भाग लेने बोकारो पहुंचे थे और मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की वजह से बांग्लादेशियों की घुसपैठ हो रही है। उनको सिर्फ अपने वोट की चिंता है। साल 2022 में ही केंद्रीय गृह मंत्रालय के स्तर पर बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड के साथ बैठक हुई थी। ममता बनर्जी को बताया गया है कि बांग्लादेश से लगी सीमा पर 72 ऐसी जगह है, जहां बीएसएफ को फेंसिंग का काम पूरा करने के लिए जमीन की जरूरत है। लेकिन ममता बनर्जी ने तुष्टिकरण के लिए ऐसा नहीं होने दिया। वह जमीन मुहैया नहीं करा रही हैं। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के मालदा जिला में इंग्लिश बाजार मोहल्ला है। वहां दुर्गा पूजा के लिए गेट बनाने का काम पुलिस ने रोक दिया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में घुसपैठियों की आबादी 35 प्रतिशत हो गयी है। झारखंड भी खतरे में है। यहां की संस्कृति खतरे में है। उन्होंने कहा कि बॉर्डर पर जमीन के लिए एमएचए ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि मैं यहां कार्यकर्ता के रूप में काम करने आया हूं। उन्होंने कहा कि झारखंड में करीब 90 लाख लोग बांग्लाभाषी हैं। उनका 90 प्रतिशत वोट कमल को पड़ेगा। त्रिपुरा चुनाव में बांग्ला समाज ने भाजपा को चुनाव जिताया। छत्तीसगढ़ में भी 11 सीटों पर बांग्लाभाषी का प्रभाव है। सबने भाजपा का साथ दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में डबल इंजन की सरकार की जरूरत है। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो आने वाले समय में सनातन और आदिवासी संस्कृति खतरे में पड़ जायेगी। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि झारखंड का माहौल परिवर्तन के पक्ष में है। झामुमो के पुराने नेता चंपाई सोरेन भी भाजपा के साथ आ गये हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने से संस्कृति खतरे में पड़ जायेगी।

## मवि कंजकिरो में विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन पर मनमानी : पूर्व मुखिया

ऊपरघाट (आजापद सिपाही)। नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित मध्य विद्यालय कंजकिरो में मंगलवार को विधालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें पर्यवेक्षक के रुप में रुपलाल थे। पुर्व मुखिया योगेंद्र कुमार रंजन ने पुनर्गठन पर आपत्ति जताते हुए कहा कि अध्यक्ष चुनाव में विधालय प्रभारी ने पुरी तरह मनमानी कर बिना पोषक क्षेत्र के अभिभावक को अध्यक्ष बना दिया है। इस बात की लिखित आवेदन नावाडीह बीडइओ को दिया जायेगा और फिर से पारदर्शिता से पुनर्गठन कराने की मांग किया जायेगा। विभाग इस चयन को निरस्त कर नये सिरे चुनाव नहीं करायेगा तो धरना दिया जायेगा।

## जरूरतमंदों के लिए मदद और जागरूकता अभियान जारी रहेगा: रेणु कौशल



धनबाद (आजाद सिपाही )। इनर व्हील ऑफ माइलस्टोन धनबाद का शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों की मदद का अभियान निरंतर जारी रहेगा। क्लब की कोषाध्यक्ष रेनू कौशल ने बताया इनर व्हील का माइलस्टोन धनबाद जिले में विभिन्न जनउपयोगी कार्यक्रम क्लब के सभी सदस्याओं की सक्रियता से कर रही है साथ ही क्लब छात्राओं महिलाओं में शिक्षा स्वास्थ के प्रति जागरूकता लाने के लिए विभिन्न गतिविधियों में शामिल है। असहाय अनाथ वृद्धजनों एवं दिव्यांगों की हरसंभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है इसी क्रम में उम्मीद की किरण फ्री कैंप का आर्टिफिशियल लिंब डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम में रोटरी क्लब के साथ क्लब का जैन मिलन जोड़ा फाटक में जॉइंट प्रोजेक्ट हुआ जिसमें क्लब की सदस्याओं द्वारा आठ लिंब डोनेट किया गया। जिसमें रश्मि सहाय चार लिंब, रेनू कौशल दो लिंब, ऋतु श्रीवास्तवा और सिम्मी टंडन ने एक एक लिंब डोनेट किया। क्लब की उपाध्यक्ष लीना झा ने बताया कि इनर व्हील का माइलस्टोन धनबाद का जल्द ही शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में लोगो के सुविधाओं के लिए विभिन्न प्रोजेक्ट एवं कार्यक्रम किया जायेगा।


## कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 06/2024–25**

वित्तीय वर्ष 2022–23 में 15वें वित्त आयोग आबद्ध/अनाबद्ध निधि के अंतर्गत प्राप्त आवंटन के तहत् स्वीकृत क्रमांक– 07 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिषद कोडरमा में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–30.09.2024 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–01.10.2024 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक–01.10.2024 (अपराह्न 04:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद् कार्यालय, जि0ग्रा0वि0शा0 भवन, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जि0ग्रा0वि0शा0 सभागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | एक्टिविटि क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 87573324 | जिला परिषद कोडरमा की परिसम्पत्ति का निर्माण, सुदृढीकरण, उन्नयन एवं सौन्दर्यीकरण के तहत् प्रखण्ड चंदवारा के उरवां में सामुदायिक शौचालय का निर्माण | 1223300.00 | 25000.00 | 2500.00 | 06 माह |

निविदा की शर्ते www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 336752 Panchayati Raj(24-25)#D



## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, रामगढ़

**रोजगार मेला दिनांक 26 सितम्बर 2024**

**सूचना**

राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में नियोजन प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में जिला नियोजनालय, रामगढ़ द्वारा "दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार योजना" के तहत रोजगार मेला – 2024 का आयोजन 26.09.2024 को पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक छावनी परिषद् फुटबाल मैदान, रामगढ़ में किया जा रहा है।

इस रोजगार मेला में निम्नलिखित निजी क्षेत्र के नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है, तथा उनसे प्राप्त रिक्तियाँ निम्नलिखित है :–

| Sl No | Name & Address of the Employer | Post | No of Vacancies | Qualification | Age | Salary (Rs.) | Job Location/ Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | A.S. Service, Ranchi | Technical Helper | 50 | I.Sc/ITI/Diploma/B.Tech | 18-35 Years | 12000/- to 18000/- | Bokaro/Ramgarh/Asansol/Tata/Odisha |
| | | A.C. Coach Attendant | 40 | 10th Pass | 18-35 Years | 10000/- to 12000/- | Dhanbad/Ranchi/Ahamdabad |
| 2 | M/s Powertronix Engineering Pvt. Ltd., Kolkata | Electrical Engineer | 02 | B. Tech (Min. 2 Years Exp.) | Below 45 Years | 22000/- | Kolkata |
| | | Instrumentation Engineer | 02 | B. Tech (Min. 2 Years Exp.) | Below 45 Years | 22000/- | |
| | | Electrical Supervisor | 02 | Diploma (05 Years Exp.) | Below 45 Years | 25000/- | |
| | | Instrumentation Supervisor | 02 | Diploma (05 Years Exp.) | Below 45 Years | 25000/- | |
| 3 | Mahindra & Mahindra (ARMS India Pvt. Ltd), Pune | Trainee | 100 | 10th/12th Pass/ ITI | 18-28 Years | 17300/- + 1000 (Attendance Bonus) | Hiring through NAPS Scheme |
| 4 | JIS Foundation, Gola, Ramgarh | Mobilizer (Field Executive) | 06 | 12th Pass | 21-28 Years | 12000/- + Incentive | Have good knowledge of the areas demography should be own bike |
| | | Trainer (Asst. Electrician) | 02 | Diploma/ B.Tech | 24-35 Years | 16000/- to 20000/- | TOT Certified |
| | | MIS Executive | 02 | Graduation/BCA/MCA | 24-30 Years | 14000/- to 16000/- | Should be Excel/Photoshop/Coral Draw/Hindi, English Typing with 30 w.p.m. |
| | | Trainer (Automobile) | 02 | Diploma/ B.Tech | 24-35 Years | 18000/- to 20000/- | TOT Certified |
| 5 | Ekdanta Educational Trust, Ramgarh | MIS Executive | 01 | Graduation/BCA/MCA | 22-30 Years | 12000/- | Knowledge of MS Office/Hindi, English Typing |
| | | Trainer (HHA) | 02 | Diploma | 24-35 Years | 13000/- | TOT Certified |
| | | Trainer (ST) | 02 | Diploma | 24-35 Years | 13000/- | TOT Certified |
| | | Mobilizer | 02 | 10th Pass | 21-35 Years | 8000/- | |
| | | Office Staff | 01 | 12th Pass | Above 20 Years | 8000/- | |
| 6 | ICICI Prudential Life Insurance, Ramgarh | Finance Adviser | 15 | 10th /12th Pass | 25-50 Years | Incentive Basis | Ramgarh |
| 7 | RG'S Fashions Pvt. Ltd. (City Style), Ramgarh | C.S.A. | 08 | 12th Pass | Below 30 Years | 10600/- | Ramgarh |
| 8 | Big Shop, Ramgarh | Sales Staff | 10 | 12th Pass | 18-30 Years | 8000/- to 10000/- | Ramgarh |
| 9 | Suzuki Motors, Gujrat | Trainee Operator | 100 | 10th / 12th Pass | 18-21 Years | 15067/- | Gujrat |
| 10 | Gramin Sikhsa Avam Prishichhan Foundation (For Mother-son Automotive Technology Pvt. Ltd.) | Production Associate (Machine Operator) | 100 | 10th /12th Pass/Graduation/ITI/Diploma | 18-35 Years | 14720/- to 15720/- | Sanand, Ahmedabad, Gujrat |
| | (For Synnova Gears & Transmission Pvt. Ltd.) | Production Associate (Machine Operator) | 100 | 10th /12th Pass/Graduation/ITI/Diploma/BE/B. Tech | 18-35 Years | 13800/- to 17000/- | Rajkot, Gujrat |
| | (For Shilpan Steelcast Pvt. Ltd.) | Machine Operator | 100 | 10th /12th Pass/Graduation/ITI/Diploma | Above 18 Years | 17500/- | Rajkot, Gujrat |
| 11 | Inland Power Ltd., Ramgarh | DET Training | 04 | B. Sc (Physic & Chemistry) | 23 Year | Negotiable | Ramgarh |
| 12 | Chaitanya India Fin Credit Pvt. Ltd., Ramgarh | Customer Relationship Executive (CRE) | 41 | 10th /12th Pass | 18-30 Years | 12700/- | Ramgarh |
| 13 | Nistha Mega Skill Centre, Kujju, Ramgarh | MIS Executive | 01 | B.Tech | 18-35 Years | 15000/- to 25000/- | Computer Knowledge |
| | | IT Trainer | 02 | B.Sc/B.Tech/ BE/H.M. | 22-33 Years | 15000/- to 23000/- | Teaching Knowledge |
| | | Placement Executive | 01 | Graduation | 21-45 Years | 13000/- to 26000/- | |
| | | Guard (Female) | 01 | 10th /12th Pass | 18-40 Years | 8000/- to 15000/- | |
| | | Guard (Male) | 02 | 10th /12th Pass | 18-40 Years | 8000/- to 15000/- | |
| | | Sweeper | 03 | Any | 18-45 Years | 8000/- to 12000/- | |
| | | Warden (Female) | 01 | 10th /12th Pass | 18-40 Years | 8000/- to 15000/- | |
| | | Mobilizer/Marking (Male/Female) | 04 | 10th Pass / Graduation | 18-45 Year | 8000/- to 20000/- | |
| 14 | VIPS Foundation, Ramgarh | GDA Trainer | 04 | GNM/ANM | Above 21 Years | 15000/- | |
| | | SET Trainer | 02 | Graduation | Above 21 Years | 12000/- | |
| | | CCE Trainer | 02 | Graduation | Above 21 Years | 12000/- | |
| | | Soft Skill Trainer | 01 | Graduation | Above 21 Years | 10000/- | |
| | | Receptionist | 02 | 12th Pass | Above 18 Years | 10000/- | |
| | | Mobilzer | 06 | 10th Pass | Above 18 Years | 12000/- | Ramgarh |
| 15 | KGT Hospital & Research Centre, Ramgarh | GDA | 05 | I.Sc Pass | 20-25 Years | Negotiable | Ramgarh |
| 16 | IDaksha Training Academy Pvt. Ltd., Ramgarh | GDA Trainer | 04 | GNM/ANM | Above 21 Years | 15000/- | |
| | | SET Trainer | 02 | Graduation | Above 21 Years | 12000/- | |
| | | CCE Trainzer | 02 | Graduation | Above 21 Years | 12000/- | |
| | | Soft Skill Trainer | 01 | Graduation | Above 21 Years | 10000/- | |
| | | Receptionist | 02 | 12th Pass | Above 18 Years | 10000/- | |
| | | Mobilzer | 06 | 10th Pass | Above 18 Years | 12000/- | Ramgarh |

रोजगार मेले में जिला नियोजनालय, रामगढ़ की भूमिका मात्र सुविधा प्रदाता के रुप में होगी। संबंधित प्रतिष्ठानों के द्वारा चयन हेतु आयोजित जॉच/साक्षात्कार की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं होगा।

रोजगार मेला में भाग लेने हेतु प्रार्थी का झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। अतः मेला में भाग लेने के इच्छुक युवाओं को सलाह दी जाती है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने बायोडाटा, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अवसर का लाभ उठावें। रोजगार मेला के दिन स्थानिय नियोजनालय में निबंधन का कार्य नहीं होगा।

विश्वासभाजन
ह0/–
(मनोज मनजीत)
जिला नियोजन पदाधिकारी, रामगढ़

PR 336748 (Labour Employment and Traning) 24-25 (D)

# दूध कंपनी 'रोहिणी' का मालिक गिरफ्तार

- सस्ता मिल्क पाउडर, कास्टिक सोडा नमक मिला कर बनाता था नकली दूध
- दूध के अलावा दही, लस्सी और रबड़ी जैसे कई अन्य उत्पाद भी बनाये जाते थे
- 5 रुपये प्रति पैकेट की लागत से बन नकली दूध 26 रुपये में बेचा जा रहा था
- फैक्ट्री में छापेमारी में 1520 पैकेट नकली दूध और 1230 पैकेट नकली दही बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नकली दूध कंपनी 'रोहिणी' के मालिक प्रदिप्त परिडा को पुलिस ने कटक से गिरफ्तार किया है। हालांकि, इस मामले की जांच के दौरान पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जबकि इस दूध और दूध आधारित उत्पादों को पैक करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला मुद्रित प्लास्टिक कोलकाता से आता था, सस्ता दूध पाउडर महाराष्ट्र से आता था। हालांकि, कमिश्नरेट पुलिस ने उन क्षेत्रों को जब्त करने के प्रयास शुरू कर दिये हैं, जहां 'रोहिणी' ब्रांड के ये नकली दूध और दूध उत्पाद बेचे गये हैं और जनता से उत्पादों का इस्तेमाल नहीं करने का आग्रह किया है।

हालांकि, नकली दूध बनाने के लिए जगतपुर में नल के पानी में महाराष्ट्र से आने वाला सस्ता दूध पाउडर और उत्तर प्रदेश से आयातित कास्टिक सोडा मिलाया जाता था। तैयार होने के बाद दूध को कोलकाता से आया हुआ मुद्रित प्लास्टिक में पैक कर ओड़िशा के बाजार में भेजा जाता था।

कटक के जगतपुर में नकली दूध कंपनी के प्रबंधन के पीछे का सच सामने आ गया है। इतना ही नहीं, निरीक्षण के दौरान कई ऐसे तथ्य सामने आये हैं, जिसने सभी को हैरान कर दिया है। 5 रुपये प्रति पैकेट की लागत से बनने वाला यह नकली दूध बाजार में 26 रुपये में बेचा जा रहा था, जबकि प्रत्येक पैकेट पर एक ही बैच नंबर था, केवल पैकेजिंग पर तारीख अलग-अलग थी। दूध के पैकेट पर पैकिंग की तारीख दो से तीन दिन पहले लिखे जाते थे। लेकिन यह नकली दूध कुछ असली दूध में सस्ता मिल्क पाउडर, कास्टिक सोडा और नमक मिला कर तैयार किया जाता था। सिर्फ दूध ही नहीं, बल्कि



दही, लस्सी और रबड़ी जैसे कई अन्य उत्पाद भी बनाये जाते थे। फैक्ट्री में छापेमारी कर 1520 पैकेट नकली दूध और 1230 पैकेट नकली दही के पैकेट बरामद किये गये। चूंकि 'रोहिणी' ब्रांड के तहत बेचा जाने वाला यह दूध कटक, जाजपुर, केंद्रापड़ा और पुरी जिलों में बेचा जाता है, इसलिए पुलिस ने उन सभी क्षेत्रों से इस मिलावटी दूध और दही को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके अलावा कमिश्नरेट पुलिस ने जनता से इन सामग्री का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की है।

## श्रीमंदिर में इस्तेमाल होने वाले घी की गुणवत्ता की होगी जांच : जिलापाल

भुवनेश्वर। पुरी श्रीमंदिर में इस्तेमाल होने वाले घी की गुणवत्ता की जांच की जायेगी। श्रीमंदिर में कोठा भोग, बरादी भोग और भगवान के अन्य भोगों में घी का उपयोग किया जाता है। जिलापाल सिद्धार्थ शंकर स्वाइं ने मंगलवार को कहा कि उपयोग किये गये घी की गुणवत्ता की जांच करायी जायेगी। हम इस पर ओमफेड और अन्य संस्था से चर्चा करेंगे। हम एक मानकीकृत घी की आपूर्ति पर चर्चा करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि यदि आवश्यक हुआ, तो महाप्रसाद और दीयों में उपयोग किए जाने वाले घी की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। तिरूपति मंदिर में प्रसाद के लड्डू में जानवरों की चर्बी और मछली का तेल मिलाये जाने की शिकायतों के बाद जगह-जगह प्रशासन की सक्रियता बढ़ गयी है।

# रतन जिंदल को मिला स्टेनलेस स्टील एक्जीक्यूटिव ऑफ द इयर पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जिंदल स्टेनलेस के चेयरमैन रतन जिंदल को हाल ही में एक अंतरराष्ट्रीय स्वतंत्र बाजार अनुसंधान संगठन स्टील एंड मेटल्स मार्केट रिसर्च (एमएमआर) ने स्टेनलेस स्टील एक्जीक्यूटिव ऑफ द ईयर 2024 पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्हें असाधारण नेतृत्व, रणनीतिक दृष्टिकोण और वैश्विक स्टेनलेस स्टील उद्योग में जिंदल स्टेनलेस को सफलता के मार्ग पर आगे ले जाने की उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। पुरस्कार समारोह तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय स्टेनलेस स्टील एवं विशेष स्टील सम्मेलन 2024 के तहत इटली के रोम में आयोजित किया गया।

जिंदल स्टेनलेस के चेयरमैन रतन जिंदल ने पुरुस्कार प्राप्त करते हुए कहा कि आज यहां स्टेनलेस स्टील एक्जीक्यूटिव ऑफ द ईयर पुरस्कार प्राप्त कर-



के मैं बहुत आभारी और विनम्र महसूस कर रहा हूं। यह मेरे लिए तो बहुत गौरव का क्षण है ही, साथ ही यह पिछले 54 वर्षों में जिंदल स्टेनलेस की अविश्वसनीय यात्रा को भी दर्शाता है। मैं इस यात्रा में शामिल अपनी टीम व सहकर्मियों, साझेदारों और ग्राहकों के प्रति बहुत आभार प्रकट करता हूं। यह पुरस्कार जितना मेरा है, उतना ही उनका भी है। उनके कठिन परिश्रम, समर्पण और हमारे लक्ष्यय के प्रति विश्वास ने हमें आज यहां तक पहुंचाया है।


पूर्व मध्य रेल

ई—निविदा सूचना

**ई-निविदा सूचना सं. पूमरे–मुप्रअ–नि– उ–ईटीएन–09–24–25.**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं: (1), कार्य का नाम :** उप मुख्य अभियंता /निर्माण, नरकटियागंज के अधीन सीतामढ़ी – शिवहर के बीच नई बीजी रेल लाइन के निर्माण के संबंध में सीतामढ़ी–शिवहर (लगभग 28.00 किमी) के बीच पुलों के जीएडी की तैयारी, मिट्टी की खोज, मात्रा के बिल और ईपीसी निविदा दस्तावेजों की तैयारी और अन्य सहायक कार्य। **(2) कार्य का लगभग मूल्य :** रू. 2,37,45,880.44 **(3) निविदा हेतु अग्रधन राशि जमा :** रू. 2,68,700.00 **(4) निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 15.10.2024, चौदह तीस बजे। **(5) वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि :** उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण/ उत्तर/ पूमरे/ महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। **द्रष्टव्य :** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/ महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/1177/सीओएनएन/ईएनजीजी/टी/24-25/40


# 35 हीटर, अवैध हुकिंग तार जब्त, 15 उपभोक्ताओं पर लगा जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बुर्ला पश्चिमी ओडिशा बिजली वितरण कंपनी टीपीडब्ल्यूओडीएल ने अपने वितरण क्षेत्र में बिजली चोरी को रोकने के लिए कई उपाय किये हैं। बिजली चोरी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए टीपीडब्ल्यूओडीएल ने 23 तारीख को झारसुगुड़ा जिले के ब्रजराजनगर ब्लॉक के तेलेपाली इलाके में छापेमारी की। कंपनी की बिजीलेंस टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से उल्लंघनकर्ताओं से अवैध हुकिंग के तार के साथ 35 हीटर जब्त किये। 26 किलोवाट लोड की बिजली चोरी करने पर 15 उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना ओइआरसी



दिशा निर्देशों के अनुसार जुर्माना लगाया गया है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में बिजली चोरी को लेकर करीब 26 हजार शिकायतें दर्ज की गयीं। इजससे 57 मेगावाट बिजली की चोरी रोकने में मदद मिली है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2022-23 में टीपीडब्ल्यूओडीएल ने 27 हजार 475 मामले दर्ज किये और 80 मेगावाट बिजली चोरी रोकी। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2023-24 में कंपनी ने बिजली चोरी से जुड़ी करीब 40 हजार 381 शिकायतें दर्ज की हैं और 134 मेगावाट से ज्यादा बिजली चोरी रोकी है। बिजली चोरी दंडनीय अपराध है।

## 26 को संबलपुर में विद्युतापूर्ति बंद रहेगी

भुवनेश्वर। बुर्ला ओड़िशा जल विद्युत निगम लिमिटेड संबलपुर जिले के हुमा, धमा, चिपिलिमा, बसंतपुर, सहासपुर, हातीबारी, जुजोमुरा, गुंडेरपुर, गोशाला, गोडभगा और झरेइपाली क्षेत्रों में और उसके आसपास 132/33 केवी चिपिलिमा इकाई के रखरखाव का काम करने जा रहा है। इसलिए 26 सितंबर को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। यह रखरखाव स्थिर, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली सेवा के लिए आवश्यक है। इसलिए टीपीडब्ल्यूओडीएल अधिकारियों को बिजली सेवाओं के अस्थायी रूप से बाधित होने पर खेद है और वे बिजली उपभोक्ताओं और क्षेत्र की जनता से सहयोग चाहते हैं।

# टीपीडब्ल्यूओडीएल ने बुर्ला भीमसार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बुर्ला, टीपीडब्ल्यूओडीएल का कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) विभाग, मारवाड़ी युवा मंच, संवलपुर के सहयोग से समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत मंगलवार को वीर सुरेंद्र साई आर्यु विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान (भीमसार) बुर्ला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें टीपीडब्ल्यूओडीएल संवलपुर पावर डिवीजन के कार्यकारी अभियंता और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। टीपीडब्ल्यूओडीएल के कई कर्मचारियों और स्थानीय क्षेत्र के 56 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर टीपीडब्ल्यूओडीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण बर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष के दौरान विभिन्न विभागीय कार्यालयों में इस प्रकार के रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन करने पर हमें गर्व है।


पूर्व मध्य रेल

खुली ई—निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं.:** 1, **कार्य का नाम एवं स्थान :** बुकरू, फुलबसिया और शिवपुर में आरपीएफ बैरक, तोरी और बालूमाथ में स्वास्थ्य इकाई, शेष 81 क्वार्टर (टाइप II, III और IV), टीएक्सआर डिपो में यार्ड और सर्कुलेटिंग एरिया लाइटिंग, जल आपूर्ति व्यवस्था और विद्युत वायरिंग में सुधार सहित इलेक्ट्रिक सामान्य सेवा कार्य शामिल हैं। बालूमाथ और शिवपुर, सभी स्टेशनों पर टूल बॉक्स सह पी.वे स्टोर के साथ गैंग हट, बालूमाथ, बुकरू और शिवपुर में पंप हाउस और बुकरू, फुलबसिया और शिवपुर आदि में कर्मचारियों के आवास के लिए ट्रांजिट और टोरी के बीच विभिन्न स्टेशनों पर अन्य विद्युत (जी) कार्य– तोरी–शिवपुर तीसरी लाइन परियोजना और डिप्टी सीईई/सी/एस/एमएचएक्स के तहत किसी भी अन्य स्थान के निर्माण के संबंध में। निविदा संख्या : EL/C/S/MHX/ETEN/09/24-25., **क्रम सं. :** 2, **अनुमानित कार्य की लागत:** रू. 13,30,10,048.98/–, **क्रम सं. :** 3, **जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य :** NIT के अनुसार एवं रू. शून्य, **क्रम सं. :** 4, **कार्य पूर्ण करने का समय :** 06 माह, **क्रम सं. :** 5, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 15.10.2024 दोपहर 12.00 बजे तक, **क्रम सं. :** 6, **वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है।** : आई.आर.ई.पी.एस वेबसाईट: **www.ireps.gov.in** पर, निविदा डाउनलोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन, महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना– 800004 में निविदा पट्ट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/साउथ, पूर्व मध्य रेल, महेंद्रूघाट, पटना

पीआर/01180/कॉन/वि./टी/24–25/48







# आदिश्वर ऑटो राइड इंडिया में क्यूजे मोटर और मोटो मोरीनी पर विशेष छूट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आदिश्वर ऑटो राइड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, भारत के प्रमुख सुपरबाइक ब्रांड्स में से एक, त्योहारी सीजन के लिए अपने लोकप्रिय क्यूजे मोटर और मोटो मोरीनी मॉडलों पर विशेष ऑफर्स लेकर आया है। आदिश्वर ऑटो राइड इंडिया ने ये रोमांचक ऑफर्स प्रीमियम मोटरसाइक्लिंग को और अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से घोषित किए हैं, ताकि उत्साही लोग स्टाइल और बचत के साथ उत्सव में शामिल हो सकें। क्यूजे मोटर की क्लासिक एसआरसी सीरीज अब आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध है, जिससे ये रेट्रो-प्रेरित मोटरसाइकिल्स आपकी त्योहारी खुशियों में चार चांद लगा देंगी। विंटेज आकर्षण और आधुनिक प्रदर्शन का संगम, क्यूजे मोटर रेंज बेहतरीन मूल्य प्रदान करती है: एसआरसी-250



अब केवल 1.49 लाख में उपलब्ध, एसआरसी-500 अब 1.99 लाख में उपलब्ध है। क्यूजे मोटर की लाइनअप, जिसमें एसआरसी-250, एसआरसी-500, एसआरवी-300 और एसआरके-400 शामिल हैं। अब केवल 1.49 लाख से शुरू होती है। इतालवी ब्रांड मोटो मोरीनी, एक्स-केप 650 (टूरर) को 5.99 लाख में पेश कर रहा है। एक्स-केप 650एक्स (एडवेंचर) भी केवल 6.49 लाख में उपलब्ध है। मोटो मोरीनी रेंज में 650सीसी की 4 मॉडल्स शामिल हैं, जिनमें से सिएमेजो रेट्रो स्ट्रीट और स्क्रैम्बलर के साथ एक्स-केप 650 और एक्स-केप 650एक्स उपलब्ध हैं।


















## एमसीएल ने संबलपुर में स्वच्छता अभियान चलाया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने मंगलवार को बाजार, प्रदर्शनी मैदान (पीएचडी ग्राउंड) और अइंठापाली संबलपुर में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के साथ एक महत्वपूर्ण स्वच्छता अभियान शुरू किया। इस पहल का नेतृत्व एमसीएल के सीएमडी उदय अनंत काओले ने किया था, जिसमें केशव राव निदेशक और एके बेहुरा निदेशक सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। संबलपुर के जिलापाल सिद्धेश्वर बलिराम बोंदर और संबलपुर नगर निगम के आयुक्त वेदभूषण भी इस अभियान में शामिल हुए और समुदाय के भीतर स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया।






आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21